दैनिक
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली रविवार 10 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 137 पेज - 08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3











## यूपी में आज होगा मंत्रिमंडल विस्तार

### पूजा पाल और मनोज पांडेय समेत छह विधायक बन सकते हैं मंत्री



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट के विस्तार की चर्चा चल रही है। आज उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इस मंत्रिमंडल विस्तार में 6 मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किए जाने की चर्चा तेज हो गई है। उनके नाम भी सामने आ रहे हैं। यूपी सरकार में अभी 6 मंत्रियों की जगह खाली है। योगी सरकार में अभी 54 मंत्री काम कर रहे हैं। विस्तार के बाद इनकी संख्या बढ़कर 60 हो सकती है। मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए भारतीय जनता पार्टी यूपी चुनाव 2027 की तैयारी को अंतिम रूप देती दिख सकती है। इसको लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी। अब सीएम योगी आदित्यनाथ के स्तर पर इसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि सीएम योगी आज शाम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें मंत्रिमंडल विस्तार के लिए उनसे समय की मांग की जाएगी।

## सीपी के दो गज पीछे अभियान का दिखा असर

**कार्रवाई**

**एक सप्ताह तक चला विशेष अभियान**
**276 स्थानों से हटाया गया अतिक्रमण**

### कई इलाकों में बदली अतिक्रमण वाली सूरत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सीपी जे रविंदर गौड द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त, सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से चलाया गया विशेष अभियान दो गज पीछे अब असर दिखाने लगा है। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 2 मई से 8 मई तक चले इस अभियान के दौरान शहर के कई बाजारों, मुख्य मार्गों और गलियों की तस्वीर बदलती नजर आई। लंबे समय से फुटपाथ और सड़कों पर फैले अतिक्रमण को हटाने के बाद कई इलाकों में यातायात व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है। अभियान के तहत थाना पुलिस टीमों और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से बाजारों और व्यस्त मार्गों पर पहुंचकर दुकानदारों व रेहड़ी-पटरी संचालकों को जागरूक किया। उन्हें समझाया गया कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर ही संचालित की जाएं तथा फुटपाथ और सड़क पर सामान न रखा जाए।

पुलिस अधिकारियों ने यह भी साफ किया कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने भी अलग-अलग स्थानों पर विशेष चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाकर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने का प्रयास किया।

> **जोनवार कार्रवाई का विवरण**
>
> नगर जोन : 91 स्थान
> ट्रांस हिंडन जोन : 94 स्थान
> ग्रामीण जोन : 91 स्थान
>
> कुल 276 स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।
> पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाकर नागरिकों को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध कराना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।
> पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने व्यवसाय और गतिविधियों को निर्धारित सीमा के भीतर ही संचालित करें तथा शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में सहयोग दें।

## रालोद में शामिल होने के बाद पहली बार गाजियाबाद पहुंचेंगे केसी त्यागी

### यूपी गेट से मोदीनगर तक स्वागत की तैयारी

**आगमन**

**केसी त्यागी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण, रालोद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद केसी त्यागी रविवार 10 मई को पहली बार गाजियाबाद पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर रालोद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। यू पी गेट से लेकर मोदीनगर तक विभिन्न स्थानों पर उनके स्वागत की तैयारी की गई है। रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह 10 बजे मेरठ रोड तिराहे पर केसी त्यागी का जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह पार्टी कार्यालय पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह एडवोकेट ने बताया कि केसी त्यागी के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है और बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक कार्यक्रम में शामिल होंगे।






# शपथ लेते ही एक्शन में शुभेंदु सरकार, डीजीपी समेत शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



**कोलकाता।** बंगाल के नए सीएम शुभेंदु सरकार शपथ लेने के बाद ही एक्शन में आ गए हैं। सीएम सरकार ने डीजीपी, कमिश्नर समेत बंगाल के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की और कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

### मोदी ने कहा– शुभेंदु जनता से गहराई से जुड़े

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि शुभेंदु जनता से गहराई से जुड़े रहे हैं और लोगों की आकांक्षाओं को करीब से समझते हैं। शुभेंदु अधिकारी ने ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में शुभेंदु अधिकारी को राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ देवी दुर्गा की एक तस्वीर और मंच पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की।

### सीएम बनने के बाद शुभेंदु अधिकारी की पहली प्रतिक्रिया

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सीएम बनने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा, 'यह दिन देश और पश्चिम बंगाल, दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री की यह इच्छा थी कि नई सरकार का गठन रवींद्र जयंती के अवसर पर हो। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, गुरु रवींद्रनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जोड़ासांको में नमन करने के बाद मेरे काम की शुरूआत होगी।'

बंगाल सरकार के शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकताओं के परिजनों से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल सरकार के शपथ ग्रहण के बाद सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, '9 मई 2026 का दिन इतिहास में एक बेहद महत्वपूर्ण दिन के रूप में अंकित किया जाएगा। यह तारीख हमारी स्मृतियों में एक ऐसे दिन के रूप में बना रहेगा, जो अपने साथ नियति का बोझ और आशा, गरिमा और सुशासन के एक नए अध्याय का वादा लेकर आया। कोलकाता के प्रतिष्ठित 'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में, भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। मेरे और मेरे साथ कई अन्य लोगों को भी, इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यहाँ उस अवसर की कुछ झलकियाँ प्रस्तुत हैं।'

## पीएम मोदी ने महाराणा प्रताप की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

# कहा– 'पूरा जीवन मातृभूमि को समर्पित किया'



### हिंदुओं के सूर्य- मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'भारत माता के अमर सपूत, स्वतंत्रता की शाश्वत आवाज, त्याग और निस्वार्थता के तेजस्वी ध्वज, 'हिंदुओं के सूर्य' और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' आगे कहा, 'मातृभूमि की शान और गौरव की रक्षा में आपका अदम्य साहस और पूर्ण आत्मबलिदान आने वाले युगों तक भारतीय जनता को अन्याय के खिलाफ अडिग खड़े रहने और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित करता रहेगा।'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्र के महान योद्धा और वीरता एवं पराक्रम के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'देश के महान योद्धा और वीरता एवं पराक्रम के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि। उन्होंने अपना पूरा जीवन मातृभूमि के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनके अदम्य साहस और अटूट आत्मसम्मान की गाथाएं आने वाले युगों तक देशवासियों के हृदयों में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित करती रहेंगी।'

### सिद्धांतों से समझौता नहीं किया– गृह मंत्री

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, 'अदम्य साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्र के प्रति समर्पण के शाश्वत प्रतीक महाराणा प्रताप को उनकी जयंती के अवसर पर मेरा विनम्र नमन।' उन्होंने कहा, 'भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और बलिदान के सर्वोच्च प्रेरणास्रोत महाराणा प्रताप ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण अपनी मातृभूमि, धर्म और संस्कृति की रक्षा और उनकी गरिमा को बनाए रखने के लिए समर्पित कर दिया। प्रतिकूल परिस्थितियों, अभावों और संघर्षों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।'

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने आगे कहा कि महाराणा प्रताप की अद्वितीय वीरता देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करती रहती है। उन्होंने कहा, 'महाराणा प्रताप की अद्वितीय वीरता और मातृभूमि के प्रति उनकी अटूट निष्ठा आज भी हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करती है।'

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, 'मेवाड़ के योद्धा राजा महाराणा प्रताप जी को उनकी जयंती पर हार्दिक श्रद्धांजलि, जिनकी साहस और समर्पण की विरासत हमारे गौरव की नींव है।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी विनम्रतापूर्वक नमन करते हुए कहा, 'महान योद्धा और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप जी अदम्य साहस, असाधारण वीरता और अडिग संकल्प के प्रतीक थे। आज उनकी जयंती के अवसर पर मैं उन्हें विनम्र नमन अर्पित करता हूं।'

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तमिलनाडु में सरकार गठन का विवाद, याचिकाकर्ता ने गवर्नर के फैसले पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी संवैधानिक विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एम. रामासुब्रमणि ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन्होंने टीवीके प्रमुख विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया।

याचिका में कहा गया है कि टीवीके राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, इसके बावजूद राज्यपाल ने विजय को सरकार गठन का मौका नहीं दिया। याचिकाकर्ता का तर्क है कि राज्यपाल का यह कदम विधानसभा के बाहर बहुमत साबित करने की स्थिति पैदा करता है, जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। एम. रामासुब्रमणि ने अदालत से मांग की है कि राज्यपाल के फैसले को असंवैधानिक घोषित किया जाए और सबसे बड़ी पार्टी के नेता विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया जाए।

# मिशन 2027: बंगाल के बाद यूपी फतह की तैयारी, बूथों पर बढ़ी सक्रियता, संगठन को धार देने मैदान में उतरे बड़े नेता



**लखनऊ।** बंगाल समेत तीन राज्यों में चुनावी फतह के बाद भाजपा अब मिशन यूपी- 2027 पर केंद्रित हो गई है। बूथों पर कार्यकताओं को नए सिरे से सक्रिय किया जा रहा है। बड़े नेता कार्यकताओं के साथ जुटकर काम कर रहे हैं। निष्क्रिय कार्यकताओं को मनाया जा रहा है ताकि चुनावी अभियान में कोर-कसर न रहे।

नवंबर 2024 में शुरू हुई भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। मेरठ में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष के पदों के लिए नामांकन दाखिल हुए। गहमागहमी के बीच 16 मार्च 2025 को महानगर अध्यक्ष के रूप में विवेक रस्तोगी का मनोनयन किया गया, लेकिन जिलाध्यक्ष की घोषणा लटक गई। अति पिछड़ा वर्ग को तरजीह देते हुए 26 नवंबर 2025 को भाजपा ने हरवीर सिंह पाल को जिलाध्यक्ष घोषित कर दिया। इसके बाद 17 मार्च 2026 को महानगर की कार्यकारिणी घोषित की गई लेकिन जिला इकाई की कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पाई है। इसमें सबसे अधिक खींचतान तीन महामंत्री के पदों को लेकर चल रही है। जातीय समीकरणों को भी कसौटी पर परखा जा रहा है। जिन जातियों के नेता जिलाध्यक्ष बनने में नाकाम रहे, उन नेताओं को उपाध्यक्ष या महामंत्री पदों पर समायोजित किया जाना है। 2027 के चुनाव निकट देखकर शीघ्र ही गठन पूरा होने के आसार हैं।

### मंत्रिमंडल में शामिल हो सकते हैं वेस्ट यूपी के चेहरे

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई नेता मंत्रिमंडल में शामिल होने के दावेदार हैं। इसमें जाट समाज से मुरादाबाद निवासी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना तय जाना जा रहा है। अभी तक उपेक्षित चल रहे त्यागी समाज से भी एक चेहरा शामिल हो सकता है। इसमें मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और एमएलसी अश्विनी त्यागी दावेदार हैं। गुर्जर समाज से एमएलसी अशोक कटारिया, दादरी विधायक तेजपाल सिंह, एमएलसी वीरेंद्र सिंह भी मंत्री बनने के दावेदारों में शामिल है। क्षेत्रीय अध्यक्ष पद की दौड़ में एमएलसी मोहित बेनीवाल, नरेश त्यागी एडवोकेट, सुनील भराला, डीके शर्मा, जयकरण गुप्ता, नरेश गुर्जर एडवोकेट, बसंत त्यागी, डॉ. विकास अग्रवाल, हरीश ठाकुर, हरिओम शर्मा, नवाब सिंह नागर, इंद्रपाल प्रजापति, अजीत चौधरी आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष के कंधों पर ही 2027 के चुनाव की कमान रहेगी।

प्रदेश कार्यकारिणी में कई नेता शामिल हो सकते हैं। सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेयी उपाध्यक्ष के बाद प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व निभा चुके हैं। एमएलसी अश्विनी त्यागी लंबे समय तक प्रदेश मंत्री, उपाध्यक्ष और महामंत्री रह चुके हैं। इस समय पूर्व सांसद कांता कर्दम प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। देवेंद्र सिंह भी प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल रहे हैं। अवनीश त्यागी इस समय प्रदेश प्रवक्ता के दायित्व पर हैं। इसी तरह पश्चिम क्षेत्र से अन्य जिलों से भी कई नेता प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल हैं। नई कार्यकारिणी में भी पुराने नेताओं के साथ नए कार्यकताओं को भी स्थान मिल सकता है। नारी शक्ति वंदन अभियान अभी पूरा हुआ है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की गतिविधियां इस समय चल रही हैं। भाजपा के बड़े पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि बूथ स्तरीय कार्यकताओं के कंधे से कंधा मिलाकर अभियान में काम कर रहे हैं। इससे कार्यकताओं में एक नया उत्साह आ गया है, जो मिशन 2027 में पार्टी के लिए ऊर्जा का संचार करेगा।

## विदेश सचिव विक्रम मिस्री की नेपाल यात्रा स्थगित

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री की नेपाल यात्रा आखिरी समय में स्थगित कर दी गई है। यह दौरा सोमवार से शुरू होना था, लेकिन भारतीय पक्ष की ओर से अचानक इसे टालने की सूचना दी गई। नेपाल के विदेश मंत्रालय और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, यात्रा रद्द करने के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। सूत्रों के अनुसार, विक्रम मिस्री दो दिवसीय यात्रा पर काठमांडू आने वाले थे, जहां उनका उद्देश्य नई नेपाली सरकार के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना था। इस दौरान वह नेपाल के प्रधानमंत्री बलेंद्र शाह को भारत यात्रा का औपचारिक निमंत्रण भी देने वाले थे। लेकिन नेपाल के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से उच्च स्तरीय बैठक को लेकर स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण यात्रा पर असर पड़ा।

# सेंट्रल रिज के 673 हेक्टेयर को मिला आरक्षित वन का दर्जा, दिल्ली को मिलेंगे मजबूत ग्रीन लंग्स



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। इससे राजधानी में हरियाली बढ़ेगी, प्रदूषण पर लगाम लगेगी और जैव विविधता को मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेंट्रल रिज के करीब 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 20 के तहत ह्यआरक्षित वनह्ण घोषित किया है। ये इलाका वन विभाग के पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत आता है और सरदार पटेल मार्ग व राष्ट्रपति भवन एस्टेट के आसपास फैला हुआ है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से दिल्ली के पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने में बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि रिज क्षेत्रों को कानूनी सुरक्षा देने का मुद्दा कई दशकों से लंबित था, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। इससे न सिर्फ हरित क्षेत्र बढ़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित होगा।

### केवल देसी और पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए जाएंगे

सरकार ने ये भी साफ किया है कि आरक्षित वन घोषित किए गए क्षेत्रों में जहां भी खाली और उपयुक्त जमीन उपलब्ध होगी, वहां बड़े पैमाने पर देसी और पर्यावरण के अनुकूल पौधे लगाए जाएंगे। इनमें नीम, पीपल, शीशम, जामुन, इमली और आम जैसे फलदार पेड़ भी शामिल होंगे। इस पहल का मकसद सिर्फ हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि पूरे इलाके की पारिस्थितिकी को मजबूत करना है।

### सेंट्रल रिज राजधानी के लिए ग्रीन लंग्स

मुख्यमंत्री कहा कि सेंट्रल रिज राजधानी के बीचोंबीच स्थित है और इसे दिल्ली के ह्यग्रीन लंग्सह्ण के रूप में जाना जाता है। ये इलाका हवा की गुणवत्ता सुधारने, भूजल स्तर बनाए रखने और शहरी प्रदूषण के असर को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। रिज दरअसल प्राचीन अरावली पर्वतमाला का ही विस्तार है, जो प्राकृतिक रूप से शहर को संतुलित रखने में मदद करता है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, यह प्रक्रिया काफी समय से लंबित थी। वर्ष 1994 में दिल्ली के सभी पांच रिज क्षेत्रों को भारतीय वन अधिनियम की धारा 4 के तहत अधिसूचित किया गया था, लेकिन उन्हें अंतिम कानूनी संरक्षण नहीं मिल पाया था। अब सेंट्रल रिज को आरक्षित वन घोषित करने के साथ यह लंबा इंतजार खत्म हुआ है।

इससे पहले पिछले साल 24 अक्टूबर को दक्षिणी रिज के करीब 4080.82 हेक्टेयर क्षेत्र को भी आरक्षित वन घोषित किया गया था। सेंट्रल रिज की नई अधिसूचना के बाद अब तक कुल 4754.14 हेक्टेयर रिज क्षेत्र को यह दर्जा मिल चुका है। सरकार का कहना है कि बाकी रिज क्षेत्रों को भी जल्द ही इसी तरह आरक्षित वन घोषित किया जाएगा और इसके लिए प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

आरक्षित वन का दर्जा मिलने के बाद अब इन इलाकों को मजबूत कानूनी सुरक्षा मिलेगी। इससे अतिक्रमण, अवैध निर्माण और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। साथ ही वन विभाग को संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन के कामों को और बेहतर तरीके से लागू करने का मौका मिलेगा।

# 'भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा'
## ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र पर बरसे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शनिवार सुबह ईडी की रेड हुई। जिसके बाद अब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी की कार्रवाई को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंजाब के साथ अत्याचार हो रहा है। मोदी राज में एजेंसियों के दम पर विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करवाने की राजनीति हो रही है। भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा। केजरीवाल ने कहा, 'डराओ, खरीदो, तोड़ो और पार्टी में शामिल करवाओ, भाजपा अब सिर्फ इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।'



वहीं, अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जैसे ही बंगाल चुनाव खत्म हुए, मोदी ने पंजाब में रोज ईडी की रेड करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ साल में मोदी जी ने पंजाब के साथ बहुत धक्का किया है। पंजाबियों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया है। पंजाब के पानी पर हमला किया, पंजाब यूनिवर्सिटी को लेने की कोशिश की, ग्रामीण विकास का पैसा रोक लिया और अब ईडी की ताबड़तोड़ रेड शुरू कर दी। अशोक मित्तल के यहां रेड हुई, अगले दिन उनको बीजेपी में शामिल करवा लिया। इसका मतलब ईडी की रेड का मकसद चोरी का पैसा ढूंढना नहीं था। केवल अशोक मित्तल को तोड़कर उन्हें भाजपा में शामिल करवाना था। कुछ दिन पहले संजीव अरोड़ा के यहां भी रेड हुई। वो भाजपा में शामिल नहीं हुए तो उनके यहां फिर से रेड करवा दी।'

केजरीवाल ने आगे लिखा,' पंजाब गुरुओं की धरती है। कई सौ साल पहले औरंगजेब ने जुर्म और अत्याचार के जरिए देश के कई भागों पर कब्जा कर लिया। मोदी जी ने भी बेईमानी से देश के कई हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। उसके बाद औरंगजेब पंजाब पहुंचा। मोदी जी भी अब पंजाब पहुंचे हैं। औरंगजेब ने गुरुओं पर बहुत अत्याचार किए। मोदी जी भी पंजाबियों पर अत्याचार कर रहे हैं। पर गुरुओं ने कुबार्नी देकर औरंगजेब का सामना किया और लोगों को बचाया। आज गुरुओं की कुबार्नी से प्रेरणा लेकर पंजाब मोदी जी के अत्याचार का सामना करेगा और पूरे देश को उनके अत्याचार से बचाएगा'

बता दें कि चंडीगढ़ सेक्टर दो में अरोड़ा के आवास पर सुबह करीब 20 गाड़ियों में टीम पहुंची। मंत्री संजीव अरोड़ा पर महीने भर में ईडी की दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले उनके लुधियाना के ठिकानों पर दबिश हुई थी।

### पंजाब नहीं झुकेगा– सीएम भगवंत मान

वहीं इस रेड पर भड़के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने एक्स पर लिखा- आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब बीजेपी की ईडी उनके घर आई है, और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूँ कि पंजाब गुरुओं की धरती है; औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। यह भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया; इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। पंजाब, ईडी और भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन को खत्म कर देगा।

## नाबालिग के उत्पीड़न मामले में फंसे केंद्रीय मंत्री के बेटे, आरोपी ने पीड़ित परिवार पर किया उगाही का केस



**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के बेटे के खिलाफ एक नाबालिग लड़की के उत्पीड़न के आरोपों के बाद पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि आरोपी ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि किशोरी और उसके माता-पिता ने उससे जबरन वसूली की और आपराधिक धमकी दी। 17 वर्षीय लड़की की मां के अनुसार, संजय कुमार के बेटे भागीरथ, जिसका उनकी बेटी के साथ संबंध था, उसने उनकी बेटी का उत्पीड़न किया।

### कथित संबंध लगभग सात–आठ महीने पहले शुरू हुआ

पुलिस ने बताया कि कथित संबंध लगभग सात-आठ महीने पहले शुरू हुआ था। उन्होंने अभी तक छात्रा की जांच नहीं की है। इसी बीच, भागीरथ ने करीमनगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि जिस लड़की से उसकी जान-पहचान हुई थी। वह उसे अपने पारिवारिक समारोहों और सामूहिक सभाओं में आमंत्रित करती थी।

### आरोपी ने क्या कहा?

शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। भागीरथ ने शिकायत में कहा कि लड़की के परिवार को भरोसेमंद मानते हुए वह दोस्तों के एक समूह के हिस्से के रूप में उनके साथ गया। कुछ पवित्र स्थानों की यात्रा की। इसके बाद, लड़की और उसके माता-पिता ने उसे शादी करने के लिए धमकाया, लेकिन उसने प्रस्ताव को ठुकरा दिया, जिसके बाद लड़की के माता-पिता ने उससे पैसे की मांग की और यह भी धमकी दी कि अगर उसने रकम का भुगतान नहीं किया तो वे उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराएंगे।

भयवश उसने लड़की के पिता को 50,000 रुपये दे दिए, लेकिन उन्होंने उससे 5 करोड़ रुपये की मांग की। भागीरथ ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि अगर वह ऐसा नहीं करता तो लड़की की मां आत्महत्या कर लेगी।

## यूपी में बवाल: हापुड़ में महाराणा प्रताप जयंती शोभा यात्रा के दौरान पथराव



**हापुड़।** यूपी के हापुड़ स्थित साठा चौरासी क्षेत्र में महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान जमकर बवाल हो गया। यात्रा में हजारों की भीड़ मुस्लिम बाहुल्य देहरा से गुजर रही थी। इसी दौरान कुछ युवाओं में आपस में हुई कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया। इस पथराव में दोनों ओर के कई युवक घायल हो गए। उपद्रव के दौरान कुछ घरों में घुसकर तोड़फोड़ की गई। कई वाहनों के शीशे भी तोड़ दिए गए। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना का विस्तृत विवरण

महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर यह शोभा यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। जब यात्रा मुस्लिम बाहुल्य देहरा क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कुछ युवाओं के बीच मामूली कहासुनी हुई। यह कहासुनी जल्द ही बड़े पथराव में बदल गई। उपद्रव के कारण पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

# पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार: रेड के दौरान ईडी ने किया अरेस्ट, मान बोले-मोदी हमें नहीं झुका सकते

**पंजाब।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह से अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर ईडी की रेड चल रही है।

सेक्टर दो में अरोड़ा के आवास पर सुबह करीब 20 गाड़ियों में टीम पहुंची है। मंत्री संजीव अरोड़ा पर महीने भर में ईडी की दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले उनके लुधियाना के ठिकानों पर दबिश हुई थी।

सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़ी कुछ कंपनियों में कथित वित्तीय अनियमितताओं का पता लगाया है। इनमें 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के जरिए किए गए फर्जी निर्यात शामिल हैं। एजेंसी को शक है कि फेमा नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशी संस्थाओं के जरिए पैसों की 'राउंड-ट्रिपिंग' की गई है। इसके चलते एजेंसी ने कई बैंक खाते अटैच कर लिए हैं, और साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े डीमैट खाते और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को भी फ्रीज कर दिया है।

वहीं इस रेड पर भड़के सीएम भगवंत मान ने ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधा है। सीएम ने एक्स पर लिखा-आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में यह तीसरी बार है जब बीजेपी की ईडी उनके घर आई है, और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि पंजाब गुरुओं की धरती है; औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। यह भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने अंग्रेजों के सामने कभी सिर नहीं झुकाया; इसलिए पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा। पंजाब, ईडी और भाजपा के इस अनैतिक गठबंधन को खत्म कर देगा।



संगरूर में पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने चेतावनी देते हुए कहा कि पंजाब के भाईचारे को तोड़ने के भाजपा के मंसूबे कभी सफल नहीं होंगे और पंजाब के साथ किए जा रहे अन्याय का पंजाबी कड़ा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जब भी चुनाव करीब आते हैं तो भाजपा बम धमाकों, मानहानि के नोटिसों और ईडी की रेड जैसे हथकंडों का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मानहानि के नोटिस भेजकर डराना चाहती है, लेकिन हमें इनकी कोई परवाह नहीं है। मोदी सरकार को अपनी तानाशाही और ऐसे घटिया हथकंडे बंद करने चाहिए। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वहां शपथ ग्रहण से पहले ही हिंसा का माहौल बना दिया गया है। पूरा बंगाल जल रहा है। सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है, यहां हर तरह के बीज बोए जा सकते हैं, लेकिन नफरत की पैदावार यहां कभी नहीं हो सकती।

उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां का आपसी भाईचारा बहुत मजबूत है और दिल्ली की सत्ता पंजाब के साथ जो अन्याय कर रही है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। रविवार 10 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# चुप रहेंगे तो क्या इनकी सुनी नहीं जायेगी
# क्या कोई व्यवस्था तो इनके हिस्से में भी बनायी जायेगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कई कार्यकर्ता नींव के पत्थर होते हैं। इन कार्यकर्ताओं की मेहनत से सरकार आती है लेकिन जब सरकार वाली ईमारत बनती है तो ये नींव के पत्थर दबे रह जाते हैं। वो नारे लगाते रह जाते हैं और कुर्सियों पर नये चेहरे विराजमान होते हैं। आज बात भाजपा के उन चेहरों की हो रही है जिन्होंने भाजपा का झंडा उठाया। जिन्होंने पुलिस की लाठियां खायीं, जिन्होंने विचारधारा से समझौता नहीं किया। लेकिन जब सरकार आयी तो सबसे पहले हाशिये पर यही चेहरे आ गये। नयी हवा की नयी भाजपा आयी और पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा के पूर्व मेयर अशु वर्मा ने अपनी पोस्ट के जरिये सटीक निशाना साधा।

उन्होंने एक कार्यकर्ता के जज्बात को साझा किया और ये आशंका भी जताई कि ऐसा ना हो कि संघर्ष के दिनों के ये कार्यकर्ता पीछे रह जायें और नये कार्यकर्ता आगे आ जायें। पूर्व मेयर अशु वर्मा की ये पास्ट वास्तव में हर पुराने भाजपा कार्यकर्ता के मन का डर है। क्योंकि ऐसा हो रहा है और सवाल ये है कि जो कार्यकर्ता हमेशा पार्टी गाईडलाइन पर चलते हैं उनकी जुबान अमर्यादित नहीं होती। कुछ नहीं मिला लेकिन आचरण हमेशा शालीन रखा है।

बड़ी बात ये है कि ये चेहरे शांत रहते हैं। ऐसे में सवाल यही है कि अगर ये चेहरे चुप रहेंगे तो क्या इनके लिए कोई विचार नहीं होगा। क्या इनकी लाईफ टाईम सेवाओं का कोई प्रतिकार नहीं होगा।

## वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को मिलेगा कब वो मुकाम



करंट क्राइम। अगर विचारधारा के साथ राजनीतिक प्रतिबद्धता देखनी है तो वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को देखिये। जब भाजपा सत्ता में नहीं थी और कई चेहरे खुद को भाजपाई बताने के बजाये व्यापारी नेता बताते थे तब वेदप्रकाश गर्ग पूरे गर्व के साथ अपनी जेब में भाजपा कार्यकर्ता वाला विजिटिंग कार्ड रखते थे और पूरे उत्साह के साथ उसी कार्ड को देते थे। उत्तर प्रदेश में सरकार दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रही है मगर भाजपा के इस पीढी दर पीढी भाजपाई के चेहरे पर कोई बहार नहीं आयी। मेयर से लेकर एमएलसी चुनाव तक कहीं मौका नहीं मिला है। दर्जा वाला आयोग भी अभी उनके योग से दूर है।

## सामाजिक अलख जगाते ललित जायसवाल पर कब होगी कृपा



करंट क्राइम। ललित जायसवाल सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन हैं। हिन्दी भवन समिति के अध्यक्ष हैं और कविनगर रामलीला समिति के अध्यक्ष हैं। बेहद सौम्य और शांत स्वभाव के साथ काम करते हैं। सभी को पता है कि वैचारिक रूप से विशुद्ध भाजपाई हैं। मेयर दावेदारी में नाम चला। एमएलसी चुनाव की दावेदारी का चेहरा हो सकते हैं। ये भी खामोश रहते हैं मगर पार्टी को इस चेहरे के बारे में भी सोचना चाहिए।

## जगदीश साधना के लिए कब सोचेगी भाजपा



करंट क्राइम। शांत और सौम्य चेहरों की बात करें तो वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना का नाम आता है। जगदीश साधना को सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में आज भी काम करते देखा जा सकता है। उनके भीतर हमेशा एक कार्यकर्ता भाव रहता है। कई बार इस नाम को लेकर चर्चा चली मगर कृपा नही हुई है। पार्टी के सौम्य चेहरे हैं, विवादों से दूर रहते हैं।

## बृजपाल तेवतिया के नाम पर क्यों खामोश हैं भगवा सियासत



करंट क्राइम। जिन चेहरों ने संघर्ष के दौर में पार्टी का झंडा उठाया है उनमें एक प्रमुख नाम बृजपाल तेवतिया का भी है। विधानसभा चुनाव लड़े और बेहद मजबूती से लड़े। परिस्थितियों में उन्हें बैकफुट पर किया मगर वो आज भी सक्रिय कार्यकर्ता हैं। पार्टी ने एक घटनाक्रम के बाद फिर उनके टिकट पर विचार नहीं किया। मगर पार्टी उन्हें आयोग से लेकर संगठन तक कृपा से नवाज सकती है। हमेशा पार्टी प्रॉटोकॉल में रहते हैं। कभी कोई आलोचनात्मक शब्द उनके मुंह से नहीं निकलते।

## प्रेम त्यागी जैसे सौम्य चेहरे पर कब होगा विचार



करंट क्राइम। प्रेम त्यागी भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। बेहद शालीन विनम्र नेता हैं। सबसे खास बात ये है कि वो भी भाजपा की उस परिपार्टी के नेता है जिन्हें भले ही कुछ नहीं मिला लेकिन उन्होंने कभी गिला नहीं किया। कभी शब्दों की शालीनता को भंग नहीं किया। कभी विरोध भी नहीं जताया और खामोशी से आज भी पार्टी कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। भाजपा के मूल कार्यकर्ता हैं और फिलहाल वो कृपा का इंतजार कर रहे हैं।

## जनसंघ के जमाने से जुड़े हैं पूर्व पार्षद हिमांशु लव



करंट क्राइम। भाजपा की वैचारिक विरासत को अगर कोई परिवार संभाले है तो उसमें हिमांशु लव का भी नाम आता है। जनसंघ के जमाने से ये परिवार है। हिमांशु लव के पिता स्व. कृष्णमित्र जी का नाम किसी परिचय का मौहताज नहीं है। हिमांशु लव खुद मेयर दावेदारी में थे। पार्टी ने पार्षद का टिकट दिया तो उसे भी स्वीकार किया। जब टिकट नहीं मिला तो भी विरोध नहीं किया। पूर्व पार्षद हिमांशु लव वास्तव में एक बड़ी कृपा के लिए डिजर्व करते हैं।

## विजय मोहन की वरिष्ठता का कब होगा सम्मान



करंट क्राइम। विजय मोहन पुराने भाजपा कार्यकर्ता हैं, निगम पार्षद रहे हैं, भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय पदाधिकारी रहे हैं। आज वो राजनीतिक कृपा का इंतजार कर रहे हैं और वो भी कभी आलोचना वाले अंदाज में नहीं दिखाई देते।

## पृथ्वी सिंह कसाना के नाम पर सरकार कुछ सोचे



करंट क्राइम। पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा की बौद्धिक लीडरशिप के चेहरे हैं। शिक्षाविद हैं और वैचारिक नेता है, शानदार वक्ता है। एक लम्बे समय से कृपा का इंतजार है। वो भी उसी पीढ़ी के नेता हैं जो कार्यकर्ता भाव के साथ काम करती है। हमेशा खामोश रहते हैं। विवाद नहीं रखते हैं और संवाद रखते हैं। इस चेहरे पर भी विचार होना चाहिए।

## अजय गुप्ता के नाम पर कब होगा क्या विचार



करंट क्राइम। अजय गुप्ता पुराने भाजपाई हैं। बात को स्पष्ट और बेबाक तरीके से रखते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो किसी भी टिकट के दावेदार नहीं हैं, किसी पद के लिए अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करते हैं। व्यापारियों के बीच भाजपा की आवाज हैं और पुराने नेता हैं। शीर्ष नेतृत्व को इस चेहरे के नाम पर कंसीडर करना चाहिए।

## जितेन्द्र त्रिवेदी जैसे पुराने कार्यकर्ता को कब मिलेगा सम्मान



करंट क्राइम। जितेन्द्र त्रिवेदी भाजपा के उन दिनों के संघर्ष शील कार्यकर्ता हैं जब भाजपा सत्ता में नहीं थी। वो भाजपा का आंदोलनकारी चेहरा हैं। महामंत्री रहे हैं। लाईनपार क्षेत्र का ये चेहरा खामोश और सौम्य चेहरा है। कभी पार्टी प्रॉटोकॉल से इतर नहीं जाते हैं। एक उम्र से भाजपा का झंडा उठा रहे हैं। उम्मीद है कि पार्टी इस नाम पर भी सोचेगी।

## पुराने कार्यकर्ता और समर्पण भाव का नाम डा. वीरेश्वर त्यागी



करंट क्राइम। पुराने कार्यकर्ताओं की बात होगी और समर्पण की बात होगी तो डा. वीरेश्वर के नाम को इगनोर नहीं कियाजा सकता। उन्हें भाजपा का एनसाईक्लोपीडिया भी कहा जा सकता है। संघ के बड़े चेहरें से लेकर सरकार के बड़े दरबारों तक उनका नाम बड़े लोग जानते हैं। ये नाम दावेदारी में कई बार चला मगर कृपा नहीं हुई। एक बार सरकारी आयोग वाली कृपा का बादल आया मगर उनको छोड़कर अन्य चेहरों पर बरस गया। कुछ नहीं मिला मगर भाजपा के ये अनुशासित कार्यकर्ता कभी अपने सिद्धांतों से नहीं डिगे हैं। कभी आचरण से लेकर शब्दों तक फाउल नहीं किया है। पुराना चेहरा हैं, समर्पित हैं और कृपा के लिए मोस्ट डिजर्विंग चेहरा है।

## अश्वनी शर्मा मास्टर जी पर क्यों नहीं बरसती है कृपा



करंट क्राइम। पुराने चेहरों की बात हो रही है तो मास्टर अश्वनी शर्मा का नाम जरूर आयेगा। 1989 से भाजपा कार्यकर्ता हैं। सरकारें देखीं हैं, नेता देखें हैं और पार्टी का कामकाज देखा है। कृपा का बादल उन पर नहीं बरसता। कभी नामित में नाम चलता है कभी आयोग में नाम चलता है मगर योग कुछ नहीं बनता है। मगर उनकी भी खूबी ये है कि कभी शालीनता की सीमा नहीं लांघते, कभी पार्टी की आलोचना नहीं करते और खामोशी के साथ काम करते हैं।

## रीता सिंह जैसी पुरानी कार्यकर्ता पर क्यों नहीं पड़ी नजर



करंट क्राइम। रीता सिंह भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं। एक उम्र से भाजपा की विचारधार के साथ काम करती हैं। पार्टी के आयाम से जुड़ी रही हैं। नदियापार की भाजपा के पुराने चेहरों में हैं। वो भी हमेशा खामोश रहती हैं। और सवाल यही है कि आखिर इस पुराने चेहरे पर नजर क्यों नहीं गड़ी।

## सरदार एसपी सिंह का नंबर कब आयेगा




करंट क्राइम। भाजपा की सिख राजनीति का गाजियाबाद में सबसे पहला चेहरा सरदार एसपी सिंह हैं। शिक्षित हैं, सौम्य हैं और शालीन हैं। आलोचना को भी मुस्कुराकर टाल देते हैं। संगठन वाला भाव उनके भीतर है। कई दशक पहले कृपा हुई थी और उसके बाद कुछ मिला ही नहीं। लेकिन ये नाम भी उस लिस्ट का नाम है जिन्हें भले ही कुछ नहीं मिला लेकिन उसके बाद भी नहीं है इन्हें कोई गिला।

## मास्टर अमरदत्त शर्मा को मिलेगा कब कृपा वाला सम्मान



करंट क्राइम। पुराने और शांत भाजपाईयों की बात हो तो मास्टर अमरदत्त शर्मा का नाम आता है। उम्र के इस मोड़ पर भी उनकी सक्रियता नये कार्यकर्ताओं के लिए एक मिसाल है। सबसे बड़ी विशेषता है कि पार्टी आलोचना का एक शब्द उनकी जुबान पर नहीं आता। इस नाम पर कब कृपा होगी ये देखने की बात है।

## स्व. देशराज देशी के निधन पर थे बालेश्वर त्यागी के विचार



करंट क्राइम। पुराने कार्यकर्ता को कुछ नहीं मिलता है और इसका मलाल रहता है। जीवन का सफर खत्म हो जाता है और केवल यादें रहती हैं। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता देशराज देशी के निधन पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने ये विचार रखे थे और उन्होंने पुराने कार्यकर्ता के सम्मान की बात उठायी थी। आज एक मार्ग का नाम स्व. देशराज देशी के नाम पर रखा गया है। सवाल यही है कि सांसों का सफर खत्म हो जाने के बाद रास्ते का नाम रखने से बेहतर है कि जीवन में ही कार्यकर्ता को कुछ दिया जाये।

# सपनों की राजनीति से सत्ता की क्रूरता तक : बंगाल ने अराजकता भय और विभाजनकारी राजनीति को नकारा: बालेश्वर त्यागी



### लेख की प्रमुख बातें

**1 राजनीति कभी बदलाव के सपनों का माध्यम थी :** 70-80 के दशक में राजनीति में आने वाले युवा व्यवस्था परिवर्तन, सादगी, संघर्ष और वैचारिक प्रतिबद्धता के बड़े सपने लेकर आते थे। उद्देश्य समाज और राष्ट्र को नई दिशा देना होता था।

**2 सत्ता की राह ने आदर्शों को बदल दिया :** लेख में सवाल उठाया गया है कि क्या सत्ता की राजनीति इंसान को बदल देती है, या सत्ता में बने रहने की लालसा नेताओं को अपराध, भय, भ्रष्टाचार और तिकड़म की राजनीति की ओर धकेल देती है।

**3 ममता बनर्जी की राजनीति पर तीखा प्रहार :** लेख के अनुसार बंगाल में लोकतंत्र, विकास और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कमजोर हुई। ममता बनर्जी और अभिषेक आधारित राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है।

**4 बंगाल की गौरवशाली परंपरा बनाम वर्तमान अराजकता :** राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, खुदीराम बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की भूमि बंगाल को हिंसा, लूट और प्रतिशोध की राजनीति से अलग पहचान वाला प्रदेश बताया गया है।

**5 चुनाव परिणाम को ऐतिहासिक जनादेश बताया :** लेख में कहा गया है कि यदि भाजपा बंगाल में पुराने राजनीतिक-सामाजिक ढांचे को बदलकर लोकतांत्रिक, विकासशील और भरोसे वाले बंगाल का निर्माण करती है, तो यह जनादेश ऐतिहासिक और सार्थक साबित होगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आज का तो मुझे पता नहीं लेकिन 70-80 के दशक में जो नौजवान राजनीति में आते थे, वे बड़े सपने लेकर आते थे। उनके सपने बड़े बदलाव के होते थे। गली सड़ी व्यवस्था को तोड़कर एक नई व्यवस्था को खड़े करने के सपने होते थे। अपनी सादगी, सरलता और संघर्ष से लोगो को प्रेरित कर अपने साथ जोड़ने के प्रयास हर युवा के होते थे, अब चाहे वह साम्यवादी हो या द्दष्टिवादी या कांग्रेस या समाजवादी हो। लेकिन सत्ता की डगर शायद इतनी पथरीली, रपटीली और बाधाओं से भरी होती है कि उस पर शायद चलने का एक ही तरीका है। ममता दीदी भी कई वर्षों पहले शायद ऐसे सुंदर सपनो के साथ राजनीति में आई लेकिन उन्होंने जो राह पकड़ी वह अपराध, आतंक भय और भ्रष्टाचार से भरी है। मैं नहीं जानता ये सत्ता की नियति है या सत्ता में बने रहने की तिकड़म में इस स्तर तक गिरना उनका लालच और दंभ है। लेकिन ये सच्चाई है कि ममता दीदी ने बंगाल को जो राजनीति दी, वह लोकतंत्र तो नहीं है। वह विकास तो नहीं है। वह स्वाभिमान और सम्मान के साथ, अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। ममता दीदी और उससे आगे बढ़कर अभिषेक बनर्जी जो बोलते हैं, जिस तरह से बोलते हैं, जिन शब्दों में बोलते हैं, उनसे जो संदेश निकलता है, वह भारतीयसंघ के ढांचे को अस्वीकार करने का संदेश देता है। वह देश को तोड़ने वाली शक्तियों को बल देता है।



राजाराम मोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, बंकिम चंद्र चटर्जी, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, खुदी राम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी .... एक लंबी ऐतिहासिक सांस्कृतिक सुधारवादी क्रांतिकारी और राष्ट्रवादी महान परम्परा का वाहक बंगाल जिस अराजकता, लुट, हिंसा और प्रतिशोध की राह पर चला, इन चुनाव परिणामों ने उस व्यवस्था को नकारा है।

अगर बंगाल में भाजपा सरकार कम्युनिस्टों और ममता दीदी के द्वारा खड़े किए गए सामाजिक राजनैतिक और आर्थिक ढांचे को तोड़ती है और नया लोकतांत्रिक, विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता बंगाल, भरोसे का बंगाल, देश को अंधकार में राह दिखाने वाला बंगाल बनाने का काम करती है तो बंगाल के मतदाता का साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सार्थक हो जाएगा। यही मैने करंट क्राइम में छपे लेख में कहने का प्रयास किया है।

# पटेलनगर की एसी वर्कशॉप में भीषण अग्निकांड, कर्मचारी की जिंदा जलकर मौत

हादसा

## आठ फायर टेंडरों ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

## गैस सिलेंडर और कंप्रेसरों में लगातार होते रहे धमाके

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिहानीगेट क्षेत्र स्थित पटेलनगर टायर मार्केट में शनिवार तड़के हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया। तीन मंजिला एसी सर्विस सेंटर में लगी आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। भवन के अंदर रखे एसी गैस सिलेंडरों और कंप्रेसरों में लगातार धमाके होते रहे, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हादसे में एक कर्मचारी की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। सुबह करीब 2:45 बजे की बताई जा रही है। पटेलनगर टायर मार्केट स्थित प्लॉट नंबर एफ-87 में संचालित ओंकार तोमर के एयर कंडीशनर सर्विस सेंटर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे तीन मंजिला भवन को अपनी चपेट में ले लिया। आग के साथ उठ रहा काला धुआं कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था।

सूचना मिलते ही थाना सिहानीगेट प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दीक्षित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में दमकल विभाग की गाड़ियां रवाना की गईं। आग की भयावहता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और मोदीनगर फायर स्टेशन से भी अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए। कुल आठ दमकल वाहनों ने घंटों तक कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के नेतृत्व में फायर कर्मियों ने बीए सेट पहनकर बिल्डिंग के अंदर घुसकर फायर फाइटिंग की। आग इतनी तेज थी कि बिल्डिंग के अंदर रखे एसी गैस सिलेंडर और कंप्रेसरों में लगातार ब्लास्ट हो रहे थे। घनी आबादी के बीच स्थित इस भवन में लगी आग आसपास के मकानों तक फैल सकती थी, लेकिन फायर यूनिट की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया।

### दो कारें व दस बाइकें जलकर हुईं राख





करंट क्राइम : आग में सर्विस सेंटर के अंदर खड़ी दो कारें और करीब दस मोटरसाइकिलें भी जलकर खाक हो गईं। भवन के तीनों फ्लोर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आग और धुएं के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर काबू पाने के बाद जब कर्मचारियों ने अंदर जाकर निरीक्षण किया तो पीछे की तरफ सीढ़ियों के पास एक व्यक्ति जली हुई अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो वह मृत पाया गया। मृतक की पहचान त्रिलोकीनाथ पुत्र स्वर्गीय कैलाशी निवासी ग्राम चिरौली थाना खंडासा जनपद अयोध्या के रूप में हुई। वह लंबे समय से इसी एसी वर्कशॉप में कर्मचारी के तौर पर काम कर रहा था। एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा पंचायतनामा सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं फायर विभाग आग लगने के कारणों की गहनता से जांच कर रहा है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट अथवा गैस सिलेंडर से आग भड़कने की आशंका जताई जा रही है। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने मौके पर सुरक्षा घेरा बनाकर लोगों को सुरक्षित दूरी पर रखा और पूरी रात राहत कार्य जारी रहा।

# मदर्स डे विशेष : 'नैट्राना टॉक शो' में सम्मानित हुईं देश की प्रेरणादायक महिलाएं, डॉ. उपासना अरोड़ा ने नारी शक्ति को सराहा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मदर्स डे के पावन अवसर पर 'NAITRANA Talk Show by Isha' द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'नारी शक्ति : एक रूप माँ की शक्ति' विषय पर आधारित इस विशेष समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत, संस्कारों, धर्म और आस्था के माध्यम से मिसाल पेश करने वाली प्रभावशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर देश की कई जानी-मानी हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मानित होने वाली प्रमुख विभूतियों में शामिल रहीं - रेखा गुप्ताः दिल्ली की मुख्यमंत्री। डॉ. मल्लिका नड्डाः अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक्स भारत। डॉ. उपासना अरोड़ाः मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स। राधा रेड्डीः पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना। मृदुला प्रधानः केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की धर्मपत्नी। मंजू सिंह एवं अंजू आहूजा।

कार्यक्रम की विशिष्टता तब और बढ़ गई जब इन सभी प्रेरणादायक महिलाओं को माता वैष्णो देवी के मुख्य पुजारी लोकेश पुजारी (पिंटू जी) द्वारा सम्मानित किया गया। उनकी उपस्थिति ने समारोह को एक आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। सम्मान प्राप्त करने के बाद यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की एमडी, डॉ. उपासना अरोड़ा ने अपने विचार साझा करते हुए कहाः एक महिला की असली शक्ति उसकी देखभाल करने, नेतृत्व करने और अपने धैर्य व संवेदनशीलता से दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता में निहित है। ऐसी सम्मानित महिलाओं के बीच सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है, जो अपने मूल्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं के संघर्ष और सफलता को पहचान देना था, जिन्होंने अपनी परंपराओं और आस्था को आधुनिकता के साथ जोड़कर समाज में एक नया मुकाम हासिल किया है। यह कार्यक्रम न केवल मातृ शक्ति को समर्पित था, बल्कि नारी शक्ति के उस रूप को भी सलाम करता था जो राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

## संपादकीय

### होर्मुज संकट

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप युद्ध समाप्त करने के ईरान के नवीनतम प्रस्ताव से प्रभावित नहीं हैं। ईरान ने कथित तौर पर पाकिस्तान के माध्यम से 14 बिंदुओं वाला प्रस्ताव भेजा है। दोनों पक्ष बातचीत कर रहे हैं और अभी युद्ध विराम लागू है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि गतिरोध कितने समय तक जारी रहेगा। अमेरिका और ईरान दोनों ने होर्मुज स्ट्रेट को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे ऊर्जा आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। पिछले सप्ताह बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 125 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंचा।

कुछ विश्लेषकों के मुताबिक वैश्विक भंडार की कमी के कारण आने वाले हफ्तों में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। अमेरिकाझ्रईरान गतिरोध वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। उदाहरण के लिए, यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने पिछले सप्ताह नोट किया कि मुद्रास्फीति के बढ़ने और वृद्धि के धीमा पड़ने के जोखिम बढ़ गए हैं। एक बड़े ऊर्जा आयातक के रूप में भारत भी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों ने पिछले सप्ताह वाणिज्यिक तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडरों की कीमतों में तेज वृद्धि की। 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलिंडर और एविएशन टरबाइन ईंधन की कीमतों को भी समायोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि पेट्रोल और डीजल के खुदरा मूल्य में वृद्धि नहीं हुई है, यद्यपि सरकार ने तेल विपणन कंपनियों पर बोझ कम करने के लिए विशेष उत्पाद शुल्क घटा दिया। परंतु पिछले सप्ताह कीमतों में जो बदलाव किया गया है वह समस्या के स्वीकार और नीति के पुनर्संयोजन की आवश्यकता का संकेत देता है। सरकार और तेल कंपनियां दोनों ही स्थायी रूप से ऊंची लागत को वहन नहीं कर सकते हैं इसलिए आने वाले दिनों में और इजाफा देखने को मिल सकता है।

उदाहरण के लिए, केंद्रीय सचिव वी. वुअलनाम ने पिछले सप्ताह उल्लेख किया कि राजकोषीय दबाव एक हकीकत है। सरकारी वित्त राजस्व और व्यय दोनों पक्षों से प्रभावित होंगे। सरकार को पूरे वर्ष के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती के कारण लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का बलिदान करना होगा।

चूंकि गैस की कमी ने आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित किया है इसलिए कर संग्रह भी प्रभावित होगा। व्यय की बात करें तो ईंधन और उर्वरक सब्सिडी तेजी से बढ़ सकती है। यह इस पर निर्भर करेगा कि गतिरोध कितने समय तक जारी रहता है। फिर भी, राजकोषीय दबाव के बावजूद, सरकार पूंजीगत व्यय के प्रति प्रतिबद्ध प्रतीत होती है जो वृद्धि को बनाए रखने में मदद करेगा।

हालांकि, राजकोषीय स्थिति को देखते हुए, सरकार की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने की क्षमता सीमित रहेगी। यद्यपि कोविड-वर्ष की वृद्धि के बाद राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण तेजी से घटा है लेकिन अभी भी वह ऊंचे स्तर पर है।

# ट्रंप प्रशासन का क्यूबा पर शिकंजा
## ईंधन और खाद्य संकट गहराने की आशंका

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने क्यूबा पर आर्थिक दबाव बढ़ाते हुए नई पाबंदियों का एलान किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि प्रतिबंध क्यूबा की जनता पर नहीं, बल्कि वहां की सत्ता से जुड़े आर्थिक नेटवर्क पर लगाए गए हैं।

**पाबंदियों का सबसे बड़ा निशाना कौन? :** नई पाबंदियों का सबसे बड़ा निशाना जीएईएसए बना है, जो क्यूबा की क्रांतिकारी सशस्त्र सेनाओं द्वारा संचालित विशाल कारोबारी समूह है। इसके अलावा कनाडा की कंपनी शेरिट इंटरनेशनल के साथ चल रहे संयुक्त उपक्रम मोआ निकल पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके बाद शेरिट इंटरनेशनल ने क्यूबा से अपना कारोबार समेटने की घोषणा कर दी, जिससे द्वीप देश में उसकी 32 साल पुरानी मौजूदगी समाप्त हो जाएगी।

**विशेषज्ञों ने क्या जताई चिंता? :** विशेषज्ञों का मानना है कि ये प्रतिबंध



क्यूबा की पहले से जर्जर अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकते हैं। क्विंसी संस्थान से जुड़े शोधकर्ता ली श्लेंकर ने कहा कि नई कानूनी शक्तियों के तहत अमेरिका अब तीसरे देशों की कंपनियों और नागरिकों पर भी कार्रवाई कर सकेगा। इसके तहत कंपनियों की अमेरिकी संपत्तियां फ्रीज की जा सकती हैं और उनके निवेशकों तथा कर्मचारियों की अमेरिका यात्रा पर भी असर पड़ सकता है।

क्यूबा मामलों के विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री पावेल विडाल ने इन कदमों को बेहद चिंताजनक बताया। उनके अनुसार क्यूबा की अर्थव्यवस्था पहले ही लगभग ठप पड़ चुकी है और जनवरी से अमेरिका द्वारा ईंधन आपूर्ति रोके जाने के बाद हालात और खराब हुए हैं। उन्होंने कहा कि नए प्रतिबंधों के बाद जीएईएसए के साथ जुड़े विदेशी साझेदार भी दूरी बना सकते हैं क्योंकि बहुत कम कंपनियां अमेरिकी प्रतिबंधों को चुनौती देने का जोखिम उठाएंगी।

विशेषज्ञों के मुताबिक जीएईएसए का क्यूबा की अर्थव्यवस्था पर बेहद गहरा प्रभाव है। यह समूह देश के खुदरा कारोबार, होटल, ट्रैवल एजेंसियों, कार रेंटल सेवाओं, वित्तीय संस्थानों और मुद्रा विनिमय नेटवर्क तक को नियंत्रित करता है। रिपोर्टों के अनुसार जीएईएसए क्यूबा की जीडीपी के करीब 40 प्रतिशत हिस्से पर प्रभाव रखता है।

1990 के दशक में सोवियत संघ के पतन और अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद क्यूबा की सेना ने इस कारोबारी ढांचे को खड़ा किया था। लंबे समय तक इसका नेतृत्व लुइस अल्बर्टो रोड्रिगेज लोपेज-कालेजा ने किया, जो पूर्व राष्ट्रपति राउल कास्त्रो के दामाद थे। उनके निधन के बाद अनिया गिलर्मिना लास्त्रेस को जीएईएसए का नया प्रमुख बनाया गया, जिन्हें अब अमेरिकी ब्लैकलिस्ट में भी शामिल कर लिया गया है।

**क्यूबा सरकार ने क्या कहा? :** वहीं, क्यूबा सरकार ने अमेरिकी प्रतिबंधों को सामूहिक सजा करार दिया है।

# एसबीआई: मुनाफा 6 फीसदी बढ़ा, फिर भी 7% टूटा शेयर




**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में शुक्रवार को सबसे बड़ा झटका देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने दिया। बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मुनाफा बढ़ाया, लाभांश भी घोषित किया, लेकिन शुक्रवार को शेयर करीब 7 फीसदी तक टूट गया। वजह साफ थी। नतीजे अच्छे थे, लेकिन बाजार की उम्मीद से कमजोर थे।

मार्च तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 5.6 फीसदी बढ़कर 19,684 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि बाजार को 20,300 करोड़ से ज्यादा के लाभ की उम्मीद थी। बैंक ने 17.35 रुपये प्रति शेयर लाभांश भी घोषित किया। शुद्ध ब्याज आय चार फीसदी बढ़कर 44,380 करोड़ रही, लेकिन निवेशकों की नजर कमजोर ट्रेजरी इनकम और उम्मीद से कम ऑपरेटिंग प्रदर्शन पर अटक गई। इसलिए, मुनाफे के बावजूद शेयर में तेज बिकवाली हुई।

एसबीआई की गिरावट ने सरकारी बैंकिंग क्षेत्र का मूड बिगाड़ दिया। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 3.06 फीसदी गिरकर 8,371.95 पर बंद हुआ। इंडेक्स में एसबीआई 6.66 फीसदी, पंजाब एंड सिंध बैंक 3.65 फीसदी और बैंक ऑफ बड़ौदा 2.39 फीसदी टूटे। बैंक निफ्टी और वित्तीय शेयरों पर भी दबाव दिखा।

# डीआईआई ने शेयर बाजार को संभाला, क्रूड 100 डॉलर पार

नई दिल्ली। हार्मुज पर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है। अंतराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अभी 100 डॉलर से ऊपर है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों पर ही शेयर बाजार की चाल टिकी हुई है। सेंसेक्स में इस हफ्ते 415 अंकों की बढ़ रही वहीं निफ्टी मात्र 179 अंक बढ़ा। जानिए मार्केट ट्रेड और निवेशकों के लिए कैसा रहेगा आने वाला सप्ताह।

**कैसी रही सेंसेक्स और निफ्टी की चाल :** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 355.90 अंक की बढ़त के साथ 77,269.40 पर और निफ्टी 121.75 अंक की बढ़त के साथ 24,119.30 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 252 अंक घटकर 77018 पर बंद हुआ। निफ्टी 87 अंक गिरकर 24,031 पर जा पहुंचा। बुधवार को सेंसेक्स 941 अंक बढ़कर 77,959 पर बंद, निफ्टी भी 298 अंकों की बढ़त के साथ 24331 पर पहुंचा।

हफ्ते के आखिरी 2 दिन शेयर बाजार फिर गिरावट दिखाई दी। गुरुवार को सेंसेक्स 114 और निफ्टी 4 अंक गिरा। शुक्रवार को सेंसेक्स 516 अंकों




की गिरावट के साथ 77,328 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 150 अंक गिरकर 24,176 पर बंद हुआ।

**डीआईआई ने एफआईआई को पीछे छोड़ा :** निफ्टी 50 में घरेलू निवशकों ने विदेशी निवेशकों को पीछे छोड़ा। यह देश के इक्विटी बाजार में एक बड़े संरचनात्मक बदलाव का संकेत है। निफ्टी 50 में डीआईआई की हिस्सेदारी बढ़कर 24.8% हो गई, जबकि एफआईआई की हिस्सेदारी घटकर 24.3% रह गई। रिटेल और एसआईपी के दम पर डीआईआई (म्युचुअल फंड, बीमा कंपनियां) ने एफआईआई की बिकवाली को बेअसर कर दिया है, जिससे बाजार में स्थिरता बनी हुई है। रुपए के कमजोर होने, वैश्विक अनिश्चितता और अन्य बाजारों में बेहतर रिटर्न के कारण एफआईआई ने लगातार भारतीय बाजार से निकासी की है।

**इन फैक्टर्स से तय हुई बाजार की चाल :** हार्मुज स्ट्रेट पर अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बना हुआ है।

# आईएमएफ ने पाकिस्तान को दिया 11 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से एक बड़ी खुशखबरी आई है। शुक्रवार को आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पाकिस्तान के लिए 1.2 अरब डॉलर यानी 11,322.25 करोड़ रुपये के कर्ज की मंजूरी दे दी है। यह राशि दो अलग-अलग वित्तीय कार्यक्रमों के तहत जारी की जा रही है। इस फैसले से पाकिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था को फिलहाल संजीवनी मिलने की उम्मीद है।

**ईएफएफ और आरएसएफ के तहत मिला फंड :** सितंबर 2024 में आईएमएफ पाकिस्तान को 37 महीनों के लिए 'एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी' (ईएफएफ) के तहत 7 अरब डॉलर यानी 66, 047.03 करोड़ रुपये देने पर सहमत हुआ था। ताजा मंजूरी के अनुसार, ईएफएफ के तहत पाकिस्तान को लगभग 1 अरब डॉलर यानी 9,435.29 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, जलवायु संकट से निपटने के




लिए 'रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी' (आरएसएफ) के तहत 21 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे। अब तक पाकिस्तान कुल 8.4 अरब डॉलर (79,256.44 करोड़ रुपये ) के दो ऋण पैकेजों में से 4.5 अरब डॉलर यानी 42,458.81 करोड़ रुपये प्राप्त कर चुका है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने बताया कि यह राशि अगले हफ्ते की शुरूआत में जारी कर दी जाएगी, जिससे केंद्रीय बैंक का रिजर्व 17 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा।

**शर्तों का पालन करना जरूरी :** आईएमएफ की यह मंजूरी पाकिस्तान सरकार की ओर से दिखाए गए बेहतर राजकोषीय प्रदर्शन का परिणाम है। पाकिस्तान ने दिसंबर 2025 तक के सभी आर्थिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। हालांकि, फेडरल बोर्ड ऑफ रिवेन्यू का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। टैक्स कलेक्शन में कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम लेवी की दरों में बढ़ोतरी की है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप हर साल लगभग 4 किलो त्वचा कोशिकाओं को खो देते हैं।
- बच्चे के हृदय की धड़कन वयस्क से ज्यादा होती है।
- एक व्यक्ति औसतन 24 घंटे में 4,823 शब्द बोलता हैं।
- हम जिस हाथ से लिखते हैं उस हाथ की उँगलियों के नाखून जल्दी बढ़ने लगते हैं।
- शरीर में सबसे बड़ी कोशिका मादा अंडाणु और सबसे छोटी कोशिका नर शक्राणु होता हैं।
- जब तक इंसानो का बच्चा कम से कम एक महीने का नहीं हो जाता, तब तक वह आँसू नहीं बहा सकता।
- मानव शरीर में लगभग 60 प्रतिशत जल होता है. मस्तिष्क में 85 प्रतिशत जल है. रक्त में 79 प्रतिशत जल है. तथा फेफड़ों में लगभग 80 प्रतिशत जल होता है।
- शरीर का एकमात्र हिस्सा जो रक्त की आपूर्ति नहीं करता है वह आंख के कॉर्निया है. यह हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता हैं।
- एक इंसान को रात में लगभग 7 सपने आते है लेकिन हम सपनो को याद नहीं रख पते है।

## राशिफल

**मेष:** बातचीत में सन्तुलित रहें। मन परेशान हो सकता है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**वृष:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास भी करें। परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**मिथुन:** कारोबारी कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कर्क:** मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**सिंह:** बातचीत में सन्तुलित रहें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**तुला:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**कुंभ:** मन परेशान रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मीन:** परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

## चुटकुले

शॉन्टी मोबइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
सवाल- सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
शॉन्टी- कार्टून नेटवर्क!

---

लड़की वाले लड़का देखने गए.
लड़की वाले- हमें ऐसा लड़का चाहिए जो, कुछ खाता पीता ना हो और कुछ गलत काम ना करता हो..
पंडित जी- फिर तो आपको ऐसा लड़का, अस्पताल के ICU में मिलेगा, वहां जाकर खोजो।

---

एक लड़का और लड़की होटल में खाना खाने गए.
वेटर- क्या लोगे आप?
लड़का- वह तेज मिर्ची वाला घेवर ले आओ
वेटर- हैरान होकर.... क्या?
लड़की- ये पागल पिज्जा मांग रहा है।

---

किडनैपर- तुम्हारा बेटा अब हमारे कब्जे में है.
मां- बात करवाना जरा उससे।
किडनैपर ने बेटे को फोन दिया।
मां- तू वहां क्या कर रहा है, अब धनिया लाकर कौन देगा मुझे?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# दिल्ली कैपिटल्स के हाथ से कहां फिसला मैच

## केकेआर से मिली हार के बाद कप्तान अक्षर पटेल ने बताया कारण



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स को केकेआर के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं रहा है। अब दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने बताया कि टीम से कहां गलती हुई।

दिल्ली कैपिटल्स को केकेआर के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली के लिए मौजूदा सीजन अच्छा नहीं रहा है। अब दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने बताया कि टीम से कहां गलती हुई।

### बेहद खराब रही दिल्ली की बल्लेबाजी

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम की ओर से पाथुम निसांका ने सर्वाधिक 50 रन बनाए। हालांकि, बाकी बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। केकेआर ने 143 रनों के लक्ष्य को सिर्फ दो विकेट खोकर 14.2 ओवर में हासिल कर लिया। केकेआर की तरफ से फिन एलेन ने 47 गेंदों में 100 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि कैमरून ग्रीन 33 रन बनाकर नाबाद रहे।

### अक्षर ने स्पिनरों पर फोड़ा ठीकरा

अक्षर ने इस सीजन की सातवीं हार के बाद कहा, मुझे लगता है कि हमने रन उम्मीद से कम बनाए और साथ ही स्पिनरों ने भी काफी गलतियां कीं। पिच जिस तरह से बर्ताव कर रही थी, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि स्पिनरों ने गलतियां कीं। हालांकि, इसके साथ ही अगर आप ध्यान दें, तो हमने दो-तीन ओवर में पांच विकेट गंवा दिए और मुझे लगता है कि वहीं से मुकाबला हमारे हाथ से फिसल गया। शायद हमें इस बारे में सोचने की जरूरत है क्योंकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ भी यही हुआ था, हमने अच्छी शुरुआत की थी और फिर अचानक विकेट गिरते रहे।

अक्षर ने आगे कहा, आप इसे मुश्किल तरीके से हल नहीं कर सकते। जब आशुतोष और मैं बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हम सोच रहे थे कि अगर हमने वहां कोई गलती की तो अगले बल्लेबाज के लिए यह बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसी वजह से मुझे लगता है कि यह सही माइंडसेट अपनाना ज्यादा जरूरी है। भले ही आप एक या दो विकेट खो दें, फिर भी आप क्रीज पर समय बिता सकते हैं और खेल सकते हैं। मुझे लगता है कि यही अपनाने की जरूरत है जब विकेट एक साथ गिर रहे हों, तो आपको एक या दो ओवर के लिए दबाव झेलना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने आने वाले मुकाबलों की तैयारियों को लेकर कहा, अभी के लिए हम पीछे जाकर उन गलतियों के बारे में सोचेंगे जो हमने की है। हम सोचेंगे कि हम अगले साल के लिए क्या प्लान बना सकते हैं और हमें क्या तरीका अपनाना चाहिए। उसके आधार पर हम बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को भी देख सकते हैं और तय कर सकते हैं कि किसे मौके दिए जा सकते हैं और हम क्या बदलाव कर सकते हैं।

## भारतीय कुश्ती महासंघ ने विनेश फोगाट को भेजा कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट वापसी से पहले लगातार मुश्किल में घिरती जा रही हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसका जवाब देने के लिए उन्हें 14 दिनों का समय दिया गया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शनिवार को पहलवान विनेश फोगाट को करार बताओ नोटिस भेजा है। इतना ही नहीं विनेश जून 2026 तक घरेलू टूनार्मेंट में भाग्य लेने के लिए अयोग्य घोषित की गई हैं क्योंकि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियम के तहत संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड नहीं दिया है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि विनेश दोबारा कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं, तो उन्हें आईटीए या इंटरनेशनल फेडरेशन को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होगी और इस दौरान एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा।

# फिन एलेन ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

## एक कैलेंडर वर्ष में तीन टी-20 शतक लगाने वाले पहले कीवी खिलाड़ी

### केकेआर की लगातार चौथी जीत

- गेंदबाजों के बाद एलेन की बेहतरीन पारी से केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। केकेआर की यह मौजूदा सीजन में लगातार चौथी जीत है।
- अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पथुम निसांका की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन बनाए।
- जवाब में केकेआर ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।
- केकेआर के लिए एलेन 47 गेंदों पर पांच चौकों और 10 छक्कों की मदद से 100 रन बनाकर नाबाद रहे।
- इस सीजन दिल्ली की यह घर में लगातार पांचवीं हार है। वहीं, कोलकाता ने मौजूदा सत्र की चौथी जीत के साथ अंक तालिका में सातवां स्थान हासिल कर लिया।
- अब उनके खाते में नौ अंक हो गए। हालांकि, नेट रन रेट –0.169 है। वहीं, दिल्ली आठ अंक और –1.154 नेट रन रेट के साथ आठवें स्थान पर लुढ़क गई।



एलेन केकेआर के लिए आईपीएल में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं।

**नई दिल्ली।** फिन एलेन ने केकेआर के लिए खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। एलेन ने इस दौरान नाबाद शतक लगाया और कई रिकॉर्ड्स अपने नाम कर लिए। आइए जानते हैं एलेन की पारी किस तरह खास रही।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की। कम लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर के लिए एलेन ने धुआंधार बल्लेबाजी की और वह आईपीएल में अपना पहला शतक लगाने में सफल रहे। एलेन इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे और वह आखिरकार अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। इसके साथ ही एलेन ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी।

### आईपीएल में शतक लगाने वाले दूसरे कीवी बल्लेबाज

एलेन एक कैलेंडर वर्ष में तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस साल बीबीएल में पर्थ स्कोर्चर्स के लिए खेलते हुए 101 रन बनाए थे, जबकि टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए नाबाद 100 रन की पारी खेली थी। अब आईपीएल में केकेआर के लिए खेलते हुए उन्होंने नाबाद शतकीय पारी खेली। एलेन आईपीएल में शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ब्रेंडन मैकुलम दो अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगा चुके हैं। मैकुलम ने केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक-एक शतक लगाए हैं।

### केकेआर के लिए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज

एलेन केकेआर के लिए आईपीएल में शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। इस फ्रेंचाइजी के लिए अब तक ब्रेंडन मैकुलम, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन और एलेन ने ही शतकीय पारी खेली है। मैकुलम ने 2008 में आरसीबी के खिलाफ नाबाद 158 रन बनाए थे। वहीं, वेंकटेश ने 2023 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 104 और सुनील नरेन ने 2024 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 109 रनों की पारी खेली थी। वहीं, एलेन एक आईपीएल पारी में केकेआर के लिए सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

उनसे ज्यादा छक्के एक पारी में केकेआर के लिए मैकुलम और आंद्रे रसेल ने लगाए हैं। मैकुलम ने 2008 में आरसीबी के खिलाफ 13 छक्के और रसेल ने 2018 में सीएसके के खिलाफ 11 छक्के लगाए थे।

## रुद्रांक्ष पाटिल का सुरेंद्र सिंह मेमोरियल में शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर राइफल में जीता स्वर्ण

**भोपाल।** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। फाइनल में 252.9 का स्कोर कर उन्होंने हरियाणा के रोहित कन्यान (251.9, रजत) को हराया। महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने हरियाणा के रोहित कन्यान की कड़ी चुनौती को पार करते हुए शुक्रवार को कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के इस युवा निशानेबाज ने फाइनल में 252.9 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि कन्यान ने 251.9 के साथ रजत पदक जीता। पश्चिम बंगाल के बैदुरिया बिस्वास को 230.8 से कांस्य पदक मिला। पश्चिम बंगाल के अशिमत चटर्जी ने 251.0 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता, जबकि उत्तर प्रदेश के पीयूष शर्मा ने 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

# क्या अभी भी प्लेऑफ में पहुंच सकती है केकेआर?

## बदल रहे समीकरण, अंक तालिका में बदलाव



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का लीग चरण अब समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। आईपीएल में 51 मैच पूरे हो चुके हैं जिसके बाद प्लेऑफ की दौड़ रोचक हो चली है। केकेआर ने खराब शुरूआत के बाद वापसी की है और प्लेऑफ के समीकरण बदल दिए हैं।

तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत निराशाजनक तरीके से की थी और वह पहले छह मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। केकेआर पर टूनामेंट से शुरूआत में ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। हालांकि, अजिंक्य रहाणे की कप्तानी वाली टीम ने वापसी की और लगातार चार मैच जीतकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई।

**केकेआर ने प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखीः** केकेआर ने शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर ने 14.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर के लिए पहले गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और फिर फिन एलेन ने 47 गेंदों पर शतक लगाकर टीम को जीत दिलाई। इस तरह केकेआर ने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है।

**केकेआर के लिए आगे के मैच**

### केकेआर को तालिका में हुआ फायदा

दिल्ली और केकेआर के मुकाबले के बाद अंक तालिका में बदलाव हुआ है। सनराइजर्स हैदराबाद 11 मैचों में सात जीत के साथ 14 अंक लेकर पहले स्थान पर है। पंजाब किंग्स 10 मैचों से 13 अंक लेकर दूसरे, आरसीबी 10 मैचों से 12 अंक लेकर तीसरे, राजस्थान रॉयल्स 10 मैचों से 12 अंक लेकर चौथे और गुजरात टाइटंस 10 मैचों से 12 अंक लेकर पांचवें, चेन्नई सुपर किंग्स 10 मैचों से 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के बाद केकेआर सातवें स्थान पर आ गई है। केकेआर के अब 10 मैचों में चार जीत और एक रद्द मैच से मिले एक अंक को मिलाकर कुल नौ अंक हो गए हैं। दिल्ली 11 मैचों से आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर चली गई है। मुंबई इंडियंस 10 मैचों से छह अंक लेकर नौवें और लखनऊ सुपर जाएंट्स 10 मैचों से छह अंक लेकर 10वें स्थान पर हैं। दिल्ली और केकेआर मुकाबले के बाद भी ऑरेंज और पर्पल कैप क्रमशः हेनरिक क्लासेन और भुवनेश्वर कुमार के पास ही है। सनराइजर्स हैदराबाद के क्लासेन ने सीजन के 11 मैचों की 11 पारियों में 494 रन बनाए हैं। आरसीबी के भुवनेश्वर ने 10 मैचों में 17 विकेट लिए हैं।

**करो या मरो की तरहः** केकेआर की टीम भले ही प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, लेकिन उसके लिए आगे की राह बेहद कठिन है।

केकेआर के लिए आगे के सभी मैच करो या मरो की तरह होंगे। अगर केकेआर अगले चार मैच जीतने में सफल रहती है तो उसे आठ अंक और मिलेंगे तथा उसके 14 मैचों में 17 अंक हो जाएंगे। इस तरह केकेआर की टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने की स्थिति में होगी। हालांकि, एक और हार उसके लिए प्लेऑफ के दरवाजे बंद कर सकते हैं। केकेआर का सामना अब 13 मई को रायपुर में आरसीबी से होगा।

# पंजाब किंग्स के गेंदबाज पर क्यों फूटा पूर्व स्पिनर का गुस्सा? सलाखों के पीछे भेजने की कह दी बात

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल पर पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामाकृष्णा का गुस्सा फूट पड़ा है। चहल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह फ्लाइट में वेपिंग करते दिखाई दिए थे। अब शिवरामाकृष्णा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

पूर्व भारतीय स्पिनर लक्ष्मण शिवरामाकृष्णा ने पंजाब किंग्स के गेंदबाज युजवेंद्र चहल पर तीखा हमला किया है। शिवरामाकृष्णा का कहना है कि चहल को सलाखों के पीछे होना चाहिए। शिवरामाकृष्णा का बयान ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में सोशल मीडिया पर चहल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह फ्लाइट के अंदर वेपिंग का इस्तेमाल करते दिख रहे थे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो

कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने अर्शदीप सिंह के व्लॉग की क्लिप और स्क्रीनशॉट शेयर किया था जिसमें दावा किया गया था कि चहल ने फ्लाइट में वेपिंग की है। यह वीडियो तब का बताया जा रहा है जब पंजाब किंग्स की टीम अहमदाबाद से हैदराबाद की यात्रा कर रही थी। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी दावा किया था कि व्लॉग के ओरिजिनल वीडियो को बाद में एडिट कर दिया गया। अमर उजाला इस वीडियो के सत्यापन की पुष्टि नहीं करता है। इस मामले पर अब शिवरामाकृष्णा ने एक्स पर लिखा, भारत में वेप प्रतिबंधित है। ऐसे व्यक्ति को जेल में डाल देना चाहिए। कानून बनाने का क्या फायदा जब उन्हें लागू ही न किया जाए? मैच फीस का 25% तो मामूली रकम है। अगर किसी आम आदमी ने ऐसा किया होता, तो क्या कार्रवाई होती?

### बीसीसीआई ने दिखाई सख्ती

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह मामला सामने आने के बाद सख्ती दिखाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बोर्ड ने पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को व्लॉगिंग बंद करने के निर्देश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम कथित तौर पर युजवेंद्र चहल से जुड़े वेपिंग विवाद के बाद उठाया गया है।



# नोवाक जोकोविच इटालियन ओपन में हुए उलटफेर का शिकार



दुनिया के 79वें के खिलाड़ी प्रिजमिक से हारे

**रोम।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन से पहले झटका लगा है। जोकोविच इटालियन ओपन में उलटफेर का शिकार हुए और उन्हें शुरूआती दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

छह बार के इटालियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच दुनिया के 79वें नंबर के खिलाड़ी डारियो प्रिजमिक से तीन सेट हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गए। प्रिजमिक ने पहला सेट हारते हुए जोरदार वापसी की और दूसरा और तीसरा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। प्रिजमिक ने जोकोविच को 2-6, 6-2, 6-4 से हराकर टूनार्मेंट से बाहर कर दिया।

**पहली बार इटालियन ओपन में गंवाया शुरूआती मैचः** यह पहली बार है जब जोकोविच इटालियन कैपिटल में अपने शुरूआती मैच में हारे हैं। प्रिजमिक ने अब दो टॉप 10 जीत हासिल की हैं। उन्होंने पिछले महीने मैड्रिड में एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के तीसरे राउंड में बेन शेल्टन को हराया था। 20 साल के प्रिजमिक का लक्ष्य पहली बार इस लेवल पर चौथे राउंड में पहुंचना है। उन्हें अगला मैच उगो हम्बर्ट से खेलना है।

जोकोविच ने पहला सेट सिर्फ 40 मिनट में जीता था। जोकोविच दूसरे सेट में इस लय को बरकरार नहीं रख सके। उनकी सटीकता फीकी पड़ गई। युवा क्रोएशियाई खिलाड़ी ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा, जिससे 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन को और गलतियां करने पर मजबूर होना पड़ा और मैच को निर्णायक तीसरे सेट में ले गया। उन्होंने बार-बार प्रिजमिक पर गलतियां करने का दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन क्रोएशियाई खिलाड़ी डटा रहा और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की।

### फ्रेंच ओपन में ठोकेंगे ताल

इस साल की शुरूआत में जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में यानिक सिनर को हराया था और उम्मीद करेंगे कि इस महीने के आखिर में होने वाले फ्रेंच ओपन के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे। जोकोविच को अपने रिकॉर्ड 25वें ग्रैंडस्लैम की तलाश है।

# आईपीएल में अब नहीं चलेगी मनमानी! खिलाड़ियों की रील्स

## देर रात मुलाकातें और इनफ्लुएंसर्स पर सख्ती



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने आईपीएल में खिलाड़ियों की सोशल मीडिया गतिविधियों, देर रात आउटिंग और होटल में अनधिकृत मेहमानों को लेकर सख्त नियम लागू किए हैं। बीसीसीआई को डर है कि इन्फ्लुएंसर्स से बढ़ती नजदीकी और सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी खिलाड़ियों को हनी ट्रैप और अन्य जोखिमों में फंसा सकती है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 में खिलाड़ियों और टीम स्टाफ के लिए सख्त नियम लागू कर दिए हैं। इसके पीछे सोशल मीडिया गतिविधियां, होटल में अनधिकृत मेहमानों की एंट्री और सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी जैसी कई गंभीर वजहें सामने आई हैं। बीसीसीआई की एंटी-करप्शन यूनिट (एसीयू) ने पाया कि कुछ खिलाड़ी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के बेहद करीब आ रहे थे। कई फ्रेंचाइजियां आईपीएल सीजन के दौरान शॉर्ट-टर्म कंटेंट टीम हायर करती हैं, जो खिलाड़ियों के वीडियो, रील्स और फोटो शूट संभालती हैं। एक मामले में एक युवा खिलाड़ी ने कंटेंट टीम के नए सदस्यों से अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट्स के लिए वीडियो और तस्वीरें बनवाईं।

# सेल्फी के लिए रुके रोहित शर्मा, महिला प्रशंसक का फोन हुआ बंद... फिर जो हुआ, उसने सबको हंसा दिया

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के साथ सेल्फी लेने पहुंची एक महिला प्रशंसक का फोन अचानक बंद हो गया, जिससे कुछ देर के लिए मजेदार स्थिति बन गई। आखिरकार फोटो क्लिक होते ही प्रशंसक खुशी से झूम उठी और यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। टीम बस की ओर जाते समय एक महिला प्रशंसक ने उनसे सेल्फी की गुजारिश की, लेकिन फोटो लेने से ठीक पहले उनका फोन बंद हो गया। कुछ सेकंड के इस अजीब लेकिन दिलचस्प पल में रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था, वहीं सेल्फी मिलते ही प्रशंसक खुशी से चीखने लगी।





मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा एक बार फिर मैदान के बाहर अपने प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बन गए। मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज के साथ एक फैन का मजेदार वाकया सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, मुंबई की टीम बस की ओर बढ़ रहे रोहित को एक महिला फैन ने सेल्फी के लिए रोक लिया। रोहित ने भी हमेशा की तरह फैन को निराश नहीं किया और फोटो के लिए रुक गए। लेकिन तभी माहौल थोड़ा अजीब और मजेदार बन गया। जैसे ही फैन सेल्फी लेने लगी, उसका फोन अचानक बंद हो गया। इस दौरान टीम बस रवाना होने के लिए तैयार थी और रोहित शर्मा जल्दी से बस में लौटना चाहते थे। हालांकि, फैन ने उनसे कुछ सेकंड और रुकने की गुजारिश की। रोहित इस देरी से ज्यादा खुश नजर नहीं आए, लेकिन उन्होंने धैर्य दिखाया और आखिरकार दोबारा फोन ऑन होने के बाद सेल्फी क्लिक करवाई।

# मेसी को फीफा विश्व कप में नेमार के खेलने का भरोसा, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया

**वाशिंगटन।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने भरोसा जताया है कि नेमार फीफा विश्व कप में खेलेंगे। नेमार पिछले कुछ समय से चोट के कारण परेशान चल रहे हैं।

दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी का मानना है कि ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार अभी भी इस खेल के श्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मेसी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ब्राजील का यह फॉरवर्ड अगले महीने होने वाले फीफा विश्व कप में खेलेगा।

मेसी ने लो डेल पोलो शो में कहा, हम चाहते हैं कि विश्व कप में सबसे अच्छे खिलाड़ी हों और नेमार, चाहे उनका फॉर्म कैसा भी हो, हमेशा उनमें से एक रहेंगे। ब्राजील और फुटबॉल के लिए उनके बहुत मायने हैं, इसलिए उन्हें विश्व कप में देखना बहुत अच्छा होगा। मुझे उम्मीद है कि वह वहां होंगे, लेकिन मैं किसी चीज को लेकर निष्पक्ष नहीं रह सकता, क्योंकि उन्हें हमेशा वहां रहना होता है।



मेसी ने माना कि उनकी दोस्ती की वजह से उनके लिए निष्पक्ष रहना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा, मैं किसी चीज को लेकर निष्पक्ष नहीं रह सकता। नेमार एक दोस्त है। जाहिर है, मैं चाहूंगा कि वह विश्व कप में हो, उसके साथ अच्छी चीजें हों क्योंकि वह जैसा इंसान है, उसके लिए वह इसके लायक है। मुझे उम्मीद है कि वह वहां हो सके। उसमें एक बहुत ही खास करिश्मा है। वह दिखावा नहीं करता। वह अपनी जिंदगी वैसे ही जीता है, जैसा वह महसूस करता है, बिना नतीजों की चिंता किए। वह खुश है और वह बहुत नैचुरल है।

### बार्सिलोना में साथ थे नेमार और मेसी

नेमार और मेसी 2013 से 2017 तक बार्सिलोना में साथ खेले और 2021 से 2023 तक पेरिस सेंट-जर्मेन में साथ रहे। बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद से नेमार लगातार चोट की समस्या से परेशान रहे हैं। वह इस साल सिर्फ 12 मैच खेल पाए हैं। उन्होंने 2025 में 28 मैच खेले थे। ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले नेमार अक्तूबर 2023 से अपने देश के लिए नहीं खेले हैं। वह उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालिफायर के दौरान एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### मेसी बोले- अर्जेंटीना के लिए मुश्किल होगा खिताब बचाना

आठ बार के बैलन डी'ओर विनर ने कहा कि अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप खिताब बचाना मुश्किल काम होगा। उन्होंने स्पेन, फ्रांस और ब्राजील को प्रबल दावेदार बताया। मेसी ने कहा, हम जानते हैं कि विश्व कप हमेशा एक मुश्किल मामला होता है क्योंकि इसमें शामिल टीमें मजबूत होती हैं। हमें उम्मीद रखनी होगी, जैसे हर अर्जेंटीनाई हमेशा करता है जब भी कोई आधिकारिक प्रतियोगिता होती है, चाहे वह कोपा अमेरिका हो या विश्व कप, लेकिन हमें यह भी मानना होगा कि हमसे आगे दूसरी दावेदार टीमें हैं जो बेहतर हैं।




# हिमाचल में शुरू हुआ अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन

➩ डॉ. रामगोपाल राजा ने वाल्मीकि समाज की भागीदारी बढ़ाने की उठाई मांग

➩ प्रदीप चौहान समेत देशभर के पदाधिकारी रहे मौजूद










**गाजियाबाद/हिमाचल प्रदेश।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन हिमाचल प्रदेश के चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल रविंद्र गुप्ता ने किया, जबकि अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल राजा ने की। कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष दीपक लाहोरी एवं राष्ट्रीय महासचिव राकेश गिल पार्षद नगर निगम हिमाचल द्वारा किया गया।

अधिवेशन में देश के 14 प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों एवं 21 राज्यों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाल्मीकि समाज को सम्मान देने का कार्य किया है, जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। वहीं उपस्थित जनसमूह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भी प्रशंसा की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल राजा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ देश के ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिनका प्रभाव कई राज्यों में दिखाई देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने, राज्यसभा एवं विधान परिषद में वाल्मीकि समाज की भागीदारी बढ़ाने तथा भाजपा शासित राज्यों में वाल्मीकि समाज से दो-दो कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पृथक आरक्षण लागू करने की भी वकालत की।

कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ए. पांडा, पालमपुर विधायक आशीष बटल, प्रदीप चौहान सहित देशभर से आए प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। अधिवेशन में पारित प्रस्तावों को प्रधानमंत्री तक पहुंचाने और वाल्मीकि समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग उठाई गई।

## करंट लगने से मृत किसान की पत्नी को 11 साल बाद इंसाफ

**हापुड़।** गांव सिमरौली में जर्जर तारों की चपेट में आकर 11 साल पहले मृत किसान की विधवा को अब मुआवजा मिलेगा। कोर्ट से निगम कार्यालय की कुर्की के आदेश पर चेते अधिकारियों ने एमडी स्तर से फाइल पास करा ली है। साथ ही मुआवजे का करीब 9.21 लाख रुपये का ड्राफ्ट कोर्ट में जमा कर दिया है। अब जल्द ही पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलेगा। दरअसल, तीन मार्च 2015 को शाम करीब चार बजे सिमरौली निवासी किसान लोकेंद्र शर्मा अपने खेतों पर काम करने गए थे। लोकेंद्र की पत्नी बबीता ने अपनी आर्थिक स्थिति से अवगत कराते हुए निगम अफसरों से मुआवजा दिलाने की मांग की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर वर्ष 2017 में बबीता कोर्ट चली गईं। अधिवक्ता संजय कुमार मित्तल व पंकज गुप्ता ने बताया कि 18 जुलाई 2022 को कोर्ट ने बबीता के पक्ष में फैसला सुनाया। इसमें ऊर्जा निगम को 8.52 लाख रुपये मुआवजा व 6 फीसदी प्रतिवर्ष के हिसाब से ब्याज राशि देने के आदेश दिए।

## तमंचे और चाकू लेकर मुर्गी फार्म में घुसे तीन बदमाश संचालक-भतीजे को बंधक बनाकर लूटपाट



**हापुड़।** सिंभावली के गांव वैठ निवासी मुर्गी फार्म में घुसे तीन नकाबपोश बदमाशों ने संचालक और उसके भतीजे को बंधक बनाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बदमाश हजारों की नकदी और कीमती सामान ले गए। वहीं, दोनों पीड़ितों के मोबाइल फोन फेंक दिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।वैठ निवासी काशिफ खान ने तहरीर दी है।

पीड़ित ने बताया कि उनका मुर्गी फार्म गंदू नंगला रोड पर गांव से कुछ दूरी पर स्थित है। जिस पर वह अपने परिवार के सदस्य के साथ रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार की रात भी वह अपने भतीजे अयान के साथ मुर्गी फार्म पर थे। देर रात तीन नकाबपोश बदमाश तमंचे, चाकू लेकर फार्म में घुस आए। जिन्होंने कमरे में घुसकर हथियारों के बल पर उन्हें आतंकित कर दिया।

जिसके बाद बदमाशों ने उन्हें बराबर में स्थित मुर्गी वाले कमरे में बंद कर दिया और उनके मोबाइल भी छीन कर फेंक दिए।

बदमाशों ने आराम से फार्म पर लगे जेनरेटरों के अल्टीनेटरों के अंदर से तांबे का तार निकाला। इसके अलावा उनकी जेब में रखे 35 सौ और कमरे में रखी 45 सौ रुपये की नकदी भी निकाल ली। वहीं, फार्म पर लगी एलईडी टीवी भी ले गए। सीओ स्तुति सिंह का कहना है कि मामले की जांच शुरू करा दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में ऐपल ट्री सीड्स प्री स्कूल ने मनाया मदर्स डे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी स्थित ऐपल ट्री सीड्स प्री स्कूल में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह विद्यालय विशेष बच्चों (स्पेशल चिल्ड्रंस) के लिए संचालित किया जाता है, जहां बच्चों की लाइफ स्किल्स के विकास पर विशेष रूप से कार्य किया जाता है।

कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल को विकसित करना है, साथ ही माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना को मजबूत करना भी है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य देवेंद्र के साथ अध्यापक मंजू राणा, संगीता, अंजली विश्वकर्मा, रेनू, निधि विश्वकर्मा, किरण, शिवानी, समृद्धि और सारांश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 5.41 लाख मामलों का हुआ निस्तारण







गाजियाबाद, करंट क्राइम। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का भव्य आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष और जनपद न्यायाधीश विनोद सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित इस लोक अदालत में न्याय की गति और सुलभता की मिसाल पेश की गई।

इस वृहद आयोजन में विभिन्न श्रेणियों के कुल 5,41,874 वादों का निस्तारण किया गया। आपसी सुलह और समझौते के आधार पर 1,11,822 शमनीय (सुलह योग्य) मामलों को सफलतापूर्वक बंद किया गया। अर्थदण्ड से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल 2,35,41,425 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। परिवार न्यायालय ने वैवाहिक एवं भरण-पोषण से संबंधित 141 मामलों का सुखद निस्तारण कराया। ऋण वसूली और बीएसएनएल से जुड़े 3,169 प्रकरणों का समाधान कर 3,42,60,826 रुपये की धनराशि वसूली के आदेश दिए गए। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर के 57 मामलों में पक्षकारों को 91,25,000 रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाने के आदेश पारित हुए। राजस्व न्यायालयों के माध्यम से रिकॉर्ड 3,46,577 मामलों का निपटारा किया गया।

आयोजन में संजयवीर सिंह (पीठासीन अधिकारी, एमएसीटी), मृदुल मिश्रा (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), ललिता गुप्ता (एडीजे-01), नीरज गौतम (विशेष न्यायाधीश, पोक्सो), जितेन्द्र मिश्रा (नोडल अधिकारी/विशेष न्यायाधीश एससी—एसटी एक्ट) और नेहा बनौधिया (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

अदालत की सफलता में स्थानीय अधिवक्ताओं, मीडियाकर्मियों और विधि छात्रों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। लोक अदालत के माध्यम से जनता को 'सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय' सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।



## मॉडिफाइड वाहनों की सर्विस की तो सेंटर पर होगी कार्रवाई

**नोएडा।** ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों की सर्विस अगर सेंटर पर की जाएगी तो उन्हें भी लाखों रुपये तक का जुमार्ना देना पड़ेगा। वाहन मालिकों की गलती का खामियाजा सर्विस सेंटर के मालिकों को भुगतना पड़ेगा। इसके लिए लगातार टीम छापेमारी कर रही है।

दरअसल, ऐसे वाहनों को चिन्हित किया जा रहा है जो ध्वनि प्रदूषण कर रहे हैं। परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से ऐसे वाहनों पर कार्रवाई कर रही है। ट्रैफिक पुलिस ने बीते दिनों ऐसे वाहनों के चालान भी किए थे। इसी के तहत परिवहन विभाग भी जांच कर रहा है। एआरटीओ नंद कुमार ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर और सायरन का उपयोग करने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। ऐसे वाहनों की अगर सर्विस सेंटर पर सर्विस होती पाई गई तो सेंटर पर भी कार्रवाई की जाएगी। चालक का लाइसेंस भी निर्धारित समय के लिए निरस्त भी किया जाएगा।

## सपा छोड़ मधु शर्मा ने थामा रालोद का दामन, मिली प्रदेश महासचिव की कमान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल के संगठन विस्तार अभियान के तहत वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मधु शर्मा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी ने उन्हें प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान रालोद की प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह और महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

सदस्यता लेने के बाद मधु शर्मा भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में महिलाओं के सम्मान का अभाव है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति के निधन के बाद कठिन समय में किसी भी सपा नेता ने उनकी सुध नहीं ली और तीन साल तक प्रयास के बावजूद नेतृत्व ने मिलने का समय नहीं दिया। मधु शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की नीतियों और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण से प्रभावित होकर उन्होंने रालोद को चुना है। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मधु शर्मा के आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

## कबाड़ कारोबारियों का पंजीकरण करवाएगा प्राधिकरण

**नोएडा।** शहर में कबाड़ कारोबार को नियोजित बनाने और कबाड़ गोदामों को आबादी के बीच से हटाने के लिए नोएडा प्राधिकरण कबाड़ियों का पंजीकरण करवाएगा। पहले चरण में कबाड़ियों का सर्वे होगा, जिसके लिए समिति बनेगी।

शहर में तेजी से कबाड़ गोदाम बन रहे हैं। इनमें आग लगने की घटनाएं भी चिंता का कारण बनी हुई हैं। इन कबाड़ गोदाम के आसपास झुग्गियां भी बन जाती हैं, जिनसे आग लगने पर जनहानि का भी खतरा बना रहता है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीनों पर बनी झुग्गियों को हटवाया जाएगा। अन्य स्थानों पर कबाड़ कारोबार को नियमित किया जाएगा।

## आयुष्मान भारत वार्ड व एसी का उद्घाटन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर शुक्रवार को विधायक ने आयुष्मान भारत नामक एक वार्ड व स्वास्थ्य केन्द्र पर लगायें गये एक एसी का उद्घाटन किया। गोविन्दपुरी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र विधायक ने आयुष्मान भारत नामक एक वार्ड व स्वास्थ्य केन्द्र पर लगायें गये एक एसी का उद्घाटन किया।

उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में किये जा रहे सराहनीय कार्यो की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था व सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, तथा अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध करायें जाने पर सरकार का ध्यान केंद्रित है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित विक्रम, चिकित्सा अधिक्षक डॉ0 दिनेश कुमार, नोडल आयुष्मान डॉ0 राकेश गुप्ता सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक व स्टॉफ मौजूद रहें।




## आजकल जमकर गरज रहा है चार्ली

लिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जब से एक लूट वाला कांड हुआ है। उसके बाद सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में चार्ली जमकर गरज रहा है। बताया जा रहा है कि जो चार्ली कभी साइलेंट और मौन मोड में रहता था, आजकल उसकी सुबह से लेकर देर रात तक गूंज सुनाई दे रही है। सूत्र बता रहे हैं कि बीते दो दिनों में कई प्रभारी और एसीपी स्तर के अधिकारी तो हैंडसेट लेकर साथ दिखाई दिए हैं। दरअसल उन्हें डर था कि चार्ली कुछ पूछ ना ले और वह अपना जवाब कैसे देंगे। तो सूत्र बता रहे हैं कि बीती दो रात से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के प्रत्येक सर्किल में बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग वाला अभियान चलाया गया है। साहब के बंगले वाली रोड का नजारा हो या खेत के थाने वाला इलाका हो। शहर के सबसे पुराने होटल वाली बिल्डिंग के पास का चौराहा हो या लाइन पार का अंडर पास हो, बैरिकेडिंग वाली चेकिंग रात के अंधेरे में शुरू कर दी गई है। अब बताया जा रहा है कि बीते दिनों नंबर दो की पोजीशन वाले साहब लोगों ने पुलिस के निचले स्तर और थानों के प्रभारी को निर्देशित किया था कि रात में होने वाली चोरी की वारदातों और रात में अवांछित घूमने वालों को रोकने के लिए सबसे जरूरी बैरिकेडिंग और वहां पुलिस की मौजूदगी है। बताया जा रहा है की बड़ी वाली लूट के बाद इसका असर सिटी जोन में तो सबसे अधिक दिखाई दिया ही है। तो सूत्र बता रहे हैं कि एक अधिकारी ने तो शुक्र वाली रात को जमकर गाड़ी भी दौड़ाई और हाल भी जाना है। तो सुनने में आ रहा है कि कई थाना प्रभारी तो इन दिनों केवल खाना खाने के लिए कमरे पर जा रहे हैं। बाकी समय मेज और कुर्सी पर ही बिता रहे हैं। कुल मिलाकर आलम इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ऐसा नजर आ रहा है की लूट वाले कांड ने कई प्रभारी को टेंशन और अटेंशन में ला दिया है। हो यह रहा है कि जब थाने वाले प्रभारी ऑन ड्यूटी रह रहे हैं, तो स्टाफ का भी अपना अलग अंदाज नहीं चल पा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हाई प्रोफाइल लूट कांड का खुलासा अभी बाकी है लेकिन बीते तीन दिनों से जिस तरीके से चार्ली जमकर गरज रहा है। उसके बाद लूट की कई घटना होने से बच गई हैं। तो कई संदिग्ध पुलिस की रडार पर आए है, तो जिस तरीके से नदिया पार वाले जोन में एक रात में दो बदमाश लंगड़े किए गए हैं। उसका भी अलग मैसेज गया है। कुल मिलाकर साहब की पुलिसिंग का यह एक और अजब वाला नजारा देखने को मिला है। जिसमें पुलिस गजब वाला काम कर रही है।



## हापुड़ में बवालः महाराणा प्रताप जयंती शोभा यात्रा के दौरान पथराव

**हापुड़।** महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर हापुड़ में यह शोभा यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। जब यात्रा मुस्लिम बाहुल्य देहरा क्षेत्र से गुजर रही थी, तभी कुछ युवाओं के बीच मामूली कहासुनी हुई। यह कहासुनी जल्द ही बड़े पथराव में बदल गई।

यूपी के हापुड़ स्थित साठा चौरासी क्षेत्र में महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान जमकर बवाल हो गया।

यात्रा में हजारों की भीड़ मुस्लिम बाहुल्य देहरा से गुजर रही थी। इसी दौरान कुछ युवाओं में आपस में हुई कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया। इस पथराव में दोनों ओर के कई युवक घायल हो गए। उपद्रव के दौरान कुछ घरों में घुसकर तोड़फोड़ की गई। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस बल ने कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## लोनी विधायक ने वार्ड 29 में 5 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

### सड़कों का होगा कायाकल्प, कहा लोनी बनेगी आदर्श विधानसभा



**लोनी, करंट क्राइम।** बुधवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रामपार्क विस्तार में विकास कार्यों का शुभारंभ किया जिसमें निर्माण, प्रकाश, जलनिकासी, पेयजल आपूर्ति, गढ़ी कटैया मार्ग के साइड में इंटरलॉकिंग कार्य का । इस दौरान स्थानीय सभासद कविता चौहान, भाजपा नेता कुलवीर चौहान, मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान, हरेंद्र सभासद, सभासद अनूप भड़ाना, सभासद जयवीर, सभासद रोहित भारद्वाज, सभासद प्रवीण भाटी, सभासद प्रशांत ठाकुर, केशू बंसल अनिल डेयरी, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने रामपार्क में 5 करोड़ से अधिक की लगत से बनने वाले विकास कार्यों, लाइट, जलनिकासी के लिए लोनी विधायक विधायक नंदकिशोर गुर्जर का फूल बरसाकर, आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस दौरान स्थानीय सभासद कविता कुलवीर चौहान ने लगातार वार्ड 29 के विकास कार्यों को लेकर माननीय विधायक का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है और वार्ड 29 एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जा रहा है।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी के सर्वांगीण विकास को लेकर भारतीय जनता पार्टी पूर्णतः समर्पित है। आज लोनी बदल रही है और हम इसे एक आदर्श विधानसभा बनाएंगे क्योंकि हमारी सोच और विजन क्लियर है।

आज भी हम वर्षों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। दिल्ली सहारनपुर मार्ग हो, बेहटा मार्ग हो या लोनी के ऊपर से जा रहे दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे आज लोनी की तस्वीर बदल रही है। आने वाले 6 महीनों में लोनी की तस्वीर बदलने जा रही है क्योंकि जलनिकासी में हम लोग बड़ा काम करने जा रहे है कुछ स्थानों पर शुरू भी हो गया है। शिवर के कारण जर्जर मार्गों के सुधार का काम शुरू हो गया है। लोनी के सभी संपर्क मार्ग लोनी के विकास की गति को बढ़ा रहे है। आज कुछ मार्ग क्षतिग्रस्त थे जिनपर तेजी से काम चल रहे है। शिक्षा के क्षेत्र में कन्या डिग्री कॉलेज, मॉडल इंटर कॉलेज, आईटीआई से लेकर आधुनिक आंगनवाड़ियों तक का विस्तार किया गया है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तथा सीवर व्यवस्था के माध्यम से जलभराव की समस्या को कम किया जा रहा है। शीघ्र ही सभी वार्ड जलभराव से मुक्त होंगे। चिकित्सा के क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केद्र, वेलनेस सेंटर, नाईपुरा में अस्पताल, लोनी सीएचसी का कायाकल्प तथा नाईपुरा अस्पताल में बेड बढ़ाने का कार्य शीघ्र किया जाएगा।

बिजली व्यवस्था में भी अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। रिवैंप योजना के अंतर्गत कॉलोनियों को बांस-बल्लियों से मुक्त किया जा रहा है तथा ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। तहसील की समस्या वर्षों पुरानी थी, आज आधुनिक तहसील बनकर तैयार हो चुकी है और लोगों को आरामदायक सुविधाएं प्राप्त हो रही है। सभी थानों को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। मेट्रो विस्तार की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिसके अंतर्गत भौगोलिक सर्वे संपन्न हो चुका है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जनसेवक अजय गुप्ता ने मदर्स डे पर अपनी माता को याद किया और अपने शब्दों के जरिए एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि मातृदिवस पर दी। अजय गुप्ता के शब्द इस बात के साक्षी बने कि मां की हस्तीं सबसे बड़ी होती है। मां हमेशा दुआ करती है और उनकी दुआओं के असर को कोई मिटा नहीं सकता। एक बेटे की अपनी मां के लिए मातृ दिवस पर शब्दों से श्रद्धांजलि देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# इस्राइल-लेबनान के बीच 14-15 मई को अगले दौर की बातचीत



**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने जानकारी दी है कि इस्राइल और लेबनान के बीच अगले दौर की बातचीत 14 और 15 मई को होगी। इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच एक व्यापक शांति और सुरक्षा समझौता करना है। साथ ही इसमें हिजबुल्लाह से जुड़े मुद्दों पर भी बात होगी। अमेरिका इस पूरी बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा।

## क्या बोले अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता?

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता थॉमस टॉमी पिगॉट ने शुक्रवार को एक बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि आने वाली बातचीत 23 अप्रैल को हुई बातचीत के आधार पर आगे बढ़ेगी। उस बैठक का नेतृत्व खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया था। अमेरिका इन दो दिनों की बातचीत में दोनों देशों की सरकारों के बीच तालमेल बिठाने का काम करेगा।

विदेश विभाग के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि शांति और सुरक्षा के ढांचे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इसमें सीमाओं का निर्धारण और लेबनान के लिए मानवीय सहायता जैसे विषय शामिल होंगे। अमेरिका का लक्ष्य पिछले दो दशकों के उन असफल तरीकों को बदलना है, जिनकी वजह से हिजबुल्लाह जैसे उग्रवादी गुट मजबूत हुए। इन गुटों ने लेबनान की सरकारी सत्ता को कमजोर किया और इस्राइल की उत्तरी सीमा के लिए खतरा पैदा किया।

अमेरिका ने साफ किया है कि बातचीत का केंद्र लेबनान की संप्रभुता को बहाल करना और लंबे समय के लिए क्षेत्र में स्थिरता व शांति लाना है। दोनों पक्ष अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर इस प्रक्रिया में शामिल होने के लिए तैयार हैं। अमेरिका मतभेदों को दूर करने की कोशिश करेगा ताकि इस्राइल को सुरक्षा और लेबनान को पुनर्निर्माण में मदद मिल सके।


अमेरिकी विदेश विभाग ने इस बात पर जोर दिया कि शांति तभी संभव है जब लेबनान की सरकार का अपनी जमीन पर पूरा अधिकार हो। इसके लिए हिजबुल्लाह का पूरी तरह निहत्था होना जरूरी है। बता दें कि अमेरिका हिजबुल्लाह को एक विदेशी आतंकी संगठन मानता है।

## स्थायी शांति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम?

बयान में आगे कहा गया, ये चचाएं दशकों से चले आ रहे संघर्ष को खत्म करने और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं। पिछले महीने, ट्रंप ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इस्राइल में राजदूत माइक हकाबी और लेबनान में राजदूत मिशेल इस्सा के साथ एक बैठक के बाद, दोनों पक्षों के बीच 10-दिन के संघर्ष विराम को बढ़ाने की घोषणा की। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि युद्धविराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ाया गया है।

इस बीच, मार्को रुबियो ने कहा कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता पूरी तरह संभव है, लेकिन क्षेत्रीय हालात के कारण यह कठिन होगा। उन्होंने हिजबुल्लाह को शांति के रास्ते में मुख्य बाधा बताया। रुबियो के अनुसार, हिजबुल्लाह लेबनान की जमीन का इस्तेमाल इस्राइल पर हमले के लिए करता है, जिससे लेबनान के लोगों को भी भारी नुकसान होता है। फिलहाल दक्षिण लेबनान में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई और उत्तर में हिजबुल्लाह के हमले जारी हैं।

# मॉस्को में कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई विक्ट्री डे परेड, पहली बार बिना टैंक-मिसाइलों के हुई



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को मॉस्को के रेड स्क्वायर पर सैन्य परेड की अध्यक्षता की। यह परेड दूसरे विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर मिली जीत की याद में आयोजित की गई थी। इस मौके पर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध में रूस की जीत का पूरा भरोसा जताया। सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजामों के बीच पुतिन के साथ कई विदेशी नेता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

पुतिन ने अपने भाषण में यूक्रेन में लड़ रहे रूसी सैनिकों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि रूसी सेना एक ऐसी आक्रामक ताकत का सामना कर रही है, जिसे पूरे नाटो (ठअळड) गुट का समर्थन और हथियार मिल रहे हैं। पुतिन ने जोर देकर कहा कि जीत हमेशा रूस की ही हुई है और आगे भी रूस ही जीतेगा। उन्होंने देश की एकता और सैनिकों के साहस को सफलता की कुंजी बताया। इस साल की परेड में एक बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव देखने को मिला। पिछले करीब 20 साल में पहली बार रेड स्क्वायर पर होने वाली परेड में टैंक, मिसाइल या कोई भी भारी हथियार शामिल नहीं किए गए। आसमान में केवल लड़ाकू विमानों ने अपनी ताकत दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के हमलों के खतरे और मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए गए हैं। इस दौरान कूटनीतिक हलचल भी तेज रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार से सोमवार तक तीन दिनों के संघर्ष विराम और कैदियों की अदला-बदली का एलान किया। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि यह युद्ध खत्म होने की शुरूआत हो सकती है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक आदेश जारी कर रूस को परेड करने की अनुमति दी और रेड स्क्वायर को हमलों से मुक्त रखने की बात कही। हालांकि, रूस ने जेलेंस्की की इस बात को मजाक बताया।

सुरक्षा के मद्देनजर मॉस्को में मोबाइल इंटरनेट और मैसेजिंग सेवाओं पर पाबंदी लगा दी गई। रूस ने चेतावनी दी कि अगर यूक्रेन ने उत्सव में किसी भी तरह का खलल डाला, तो वह कीव के केंद्र पर बड़ा मिसाइल हमला करेगा। रूस ने वहां के नागरिकों और विदेशी राजनयिकों को तुरंत शहर छोड़ने की सलाह दी। हालांकि, यूरोपीय संघ ने साफ किया कि उनके राजनयिक कीव छोड़कर नहीं जाएंगे।

परेड में मलेशिया के राजा, लाओस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस के राष्ट्रपति शामिल हुए।

# ईरान और अमेरिका के बीच अगले हफ्ते पाकिस्तान में हो सकती है बातचीत

**- दोनों पक्ष एक पन्ने के 14-बिंदुओं वाले मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) को तैयार करने के लिए मध्यस्थों के साथ काम कर रहे हैं।**



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी सीजफायर को लेकर बातचीत चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि आज ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव पर जवाब आ सकता है। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने दावा किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच अगले हफ्ते की शुरूआत में पाकिस्तान में बातचीत हो सकती है।

## अगले हफ्ते 14 बिंदुओं पर होगी बात

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत अगले हफ्ते इस्लामाबाद में फिर से शुरू हो सकती है। जर्नल के मुताबिक, दोनों पक्ष एक पन्ने के 14-बिंदुओं वाले मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) को तैयार करने के लिए मध्यस्थों के साथ काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य युद्ध खत्म करने की दिशा में एक महीने तक चलने वाली बातचीत के लिए रूपरेखा तय करना है।

बता दें कि इससे पहले भी पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच दो दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन दोनों बैठकें विफल रहीं। पहले दौर की वार्ता के लिए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इस्लामाबाद पहुंचे थे। हालांकि, पहले दौर की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला, जिसके बाद दूसरे दौर की बातचीत हुई। दूसरे दौर की बातचीत में भी दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी। हालांकि, दोनों देशों के बीच दो हफ्तों के लिए सीजफायर जरूर लागू हुआ था।

## व्हाइट हाउस ने कही यह बात

व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में मरीन वन में सवार होने से पहले ट्रंप ने मीडिया से कहा, मुझे आज रात एक पत्र मिलने वाला है। देखते हैं क्या होता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या तेहरान जानबूझकर प्रक्रिया को धीमा कर रहा है, तो उन्होंने कहा, हमें जल्द ही पता चल जाएगा। राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि अगर बातचीत में रुकावट आती है तो वॉशिंगटन अपना रुख और सख्त कर सकता है। उन्होंने कहा, अगर सब कुछ ठीक नहीं हुआ, तो हम दूसरा रास्ता अपनाएंगे। अगर चीजें सही नहीं रहीं तो हम ह्यप्रोजेक्ट फ्रीडमह्व पर वापस जा सकते हैं, लेकिन यह प्रोजेक्ट फ्रीडम प्लस होगा। यानी इसमें कुछ और कदम भी शामिल होंगे।

वहीं, ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की सबसे गंभीर घटनाओं में से एक बताया और कहा कि वह मौजूदा सीमित सीजफायर को आगे बढ़ाने का स्वागत करेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या लड़ाई में विराम तीन दिनों से ज्यादा समय तक रह सकता है, तो उन्होंने कहा, हो सकता है। यह अच्छा होगा। मैं इसे रुकते हुए देखना चाहूंगा।

# ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए विधेयक तैयार किया, अमेरिकी-इजरायली जहाजों पर प्रतिबंध

**ईरान।** ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के कानूनी शासन पर एक संसदीय विधेयक तैयार कर लिया है। इस विधेयक के तहत इस्राइल और अमेरिका से जुड़े जहाजों को जलडमरूमध्य से गुजरने से रोका जाएगा और अन्य गैर-शत्रुतापूर्ण जहाजों पर टोल लगाया जाएगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के अध्यक्ष इब्राहिम अजीजी ने कहा कि विधायी निकाय के फिर से शुरू होने पर इसे निवारक कानून के रूप में पारित किया जाएगा।

अजीजी ने तेहरान में एक समारोह के दौरान यह टिप्पणी की, जहां उन्होंने संसद के इस कानून को मंजूरी देने के फैसले पर बात की। उन्होंने बताया कि विधेयक तैयार है और इस पर विदेश मंत्रालय तथा ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन सहित देश के संबंधित अधिकारियों के साथ कई बैठकों में चर्चा की गई है। अजीजी ने गुरुवार को कहा कि ईरान ने हमेशा होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और स्वतंत्र नौवहन सुनिश्चित करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इस्राइल का हमला खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में असुरक्षा और अस्थिरता की मुख्य जड़ें हैं।




## विधेयक का उद्देश्य ईरान की संप्रभुता को मजबूत करना

ईरानी संसद का यह विधेयक होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान की संप्रभुता को मजबूत करने के उद्देश्य से लाया गया है। अजीजी ने स्पष्ट किया कि ईरान हमेशा से इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में सुरक्षित और मुक्त नौवहन का पक्षधर रहा है। हालांकि, उन्होंने अमेरिकी सैन्य उपस्थिति और इस्राइल की गतिविधियों को क्षेत्र में अस्थिरता का मुख्य कारण बताया। विधेयक को संबंधित अधिकारियों, जैसे विदेश मंत्रालय और बंदरगाह संगठन के साथ व्यापक चर्चा के बाद अंतिम रूप दिया गया है।

## ईरानी जहाजों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर चेतावनी

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के सदस्य अली खेजरियन ने गुरुवार और शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान और अमेरिका के बीच हुई झड़पों के जवाब में टिप्पणी की। खेजरियन ने कहा, अब कोई भी ईरानी जहाजों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बिना किसी जवाब के नहीं कर पाएगा। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात को अमेरिकी विध्वंसक जहाजों को निशाना बनाकर ईरानी सेना ने पहले ही जवाब दे दिया था। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह अपने जहाजों की सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय और बाह्य-क्षेत्रीय जल पर अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगा। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फार्स ने शुक्रवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरानी सशस्त्र बलों और अमेरिकी जहाजों के बीच छिटपुट झड़पों की सूचना दी।

# साइबरट्रक का टायर खराब, दो लाख गाड़ियों में कैमरे फेल; टेस्ला को वापस बुलानी पड़ी लाखों कारें



**टेक्सास।** दिग्गज इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने अपने वाहनों में आई तकनीकी खामियों के बाद दो अलग-अलग रिकॉल जारी किए हैं। कंपनी ने 173 साइबरट्रक और करीब 2 लाख अन्य मॉडल्स को वापस बुलाया है। साइबरट्रक के पहियों और बाकी कारों के सॉफ्टवेयर में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है।

## साइबरट्रक के पहियों में खराबी

रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024-2026 के बीच बने 18-इंच स्टील व्हील वाले 173 साइबरट्रक रिकॉल किए गए हैं। नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि खराब सड़कों या मोड़ पर चलते समय इनके रोटर में दरार आ सकती है। इससे पहिया हब से अलग हो सकता है। यह खराबी बड़ी दुर्घटना और गंभीर चोट का कारण बन सकती है। टेस्ला इन वाहनों के रोटर्स, हब और लग नट्स को मुफ्त में बदलेगी।

## सॉफ्टवेयर की चूक से कैमरा बंद

साइबरट्रक के अलावा टेस्ला ने दो लाख से ज्यादा मॉडल वाई,एस, एक्स और मॉडल 3 कारों को भी वापस बुलाया है। इनमें रियरव्यू कैमरा की समस्या मिली है। सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी की वजह से बैक करते समय कैमरा कुछ समय के लिए बंद हो जाता है। पीछे का दृश्य न दिखने से टक्कर होने का खतरा बढ़ जाता है। राहत की बात यह है कि इन समस्याओं की वजह से अब तक किसी भी दुर्घटना या मौत की जानकारी नहीं मिली है। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए टेस्ला कस्टमर सर्विस 1-877-798-3752 पर संपर्क करें। टेस्ला ने इन खामियों को दुरुस्त करने के लिए विशेष रिकॉल नंबर भी जारी किए हैं।

# यूएफओ फाइलों पर अमेरिका का बड़ा खुलासा: फाइलें सार्वजनिक करना शुरू; पेंटागन करेगा और दस्तावेज-वीडियो जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) ने अज्ञात असामान्य परिघटनाएं (यूएपी), जिन्हें आमतौर पर यूएफओ कहा जाता है, से जुड़ी नई फाइलें सार्वजनिक करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से पेंटागन ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ध्यान जनता को अधिकतम पारदर्शिता प्रदान करने पर है, ताकि लोग इन जानकारियों के आधार पर स्वयं अपना निष्कर्ष निकाल सकें।

पेंटागन विभाग ने कहा कि पिछली सरकारों ने जनता को हतोत्साहित करने की कोशिश की थी, लेकिन मौजूदा प्रशासन पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। ये दस्तावेज किस्तों में जारी किए जाते रहेंगे। रिपब्लिकन सांसद टिम बर्चेट ने बयान जारी कर राष्ट्रपति ट्रंप को पारदर्शिता का अपना वादा निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता एक साथ नहीं होगी, इसमें कुछ समय लगेगा।

सांसद अन्ना पॉलिना लूना ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि भविष्य में वे 46 वीडियो भी जारी किए जा सकते हैं, जिनकी मांग व्हिसलब्लोअर्स ने की थी। व्हाइट हाउस, नासा और एफबीआई के सहयोग से चल रही इस पहल के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सैन्य तकनीक की समझ न रखने वाले लोग इन वीडियो की गलत व्याख्या कर सकते हैं। हालांकि, पेंटागन की पिछली रिपोर्टों में अब तक एलियन तकनीक या जीवन का कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला है।

अमेरिका में अज्ञात उड़न वस्तुओं से जुड़े मामलों को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर अलग रुख अपनाते हुए पेंटागन और अन्य एजेंसियों को सभी संबंधित




रिकॉर्ड की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार, जो भी जानकारी सार्वजनिक की जा सकती है, उसे लोगों के सामने जारी किया जाएगा। इसके लिए यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ डिफेंस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां मिलकर दस्तावेजों की जांच कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि यह पहली बार है जब अमेरिका में यूएफओ से जुड़े दस्तावेजों को इतने बड़े स्तर पर सार्वजनिक करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस पहल को देश के दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन भी मिल रहा है, जिससे पारदर्शिता को लेकर चर्चा और तेज हो गई है।

# चिंताजनक: एआई डाटा सेंटर बना रहे हीट आइलैंड, आसपास पारा पहुंचा 16.4 डिग्री, इस रिपोर्ट में बड़ा खुलासा



**वाशिंगटन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को संचालित करने वाले विशाल डाटा सेंटर केवल भारी मात्रा में बिजली ही नहीं खपा रहे हैं, बल्कि वे अपने आसपास के इलाकों को भी तेजी से गर्म कर रहे हैं। एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि एआई डाटा सेंटर हीट आइलैंड प्रभाव पैदा कर रहे हैं, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों का तापमान औसतन 3.6 डिग्री फारेनहाइट और कुछ मामलों में 16.4 डिग्री फारेनहाइट तक बढ़ रहा है।

शोधकताओं ने दावा किया है कि इस प्रभाव की चपेट में दुनिया भर में 34 करोड़ से अधिक लोग आ सकते हैं। कैम्ब्रिज विवि के अर्थ ऑब्जर्वेशन समूह के एसोसिएट प्रोफेसर एंड्रिया मारिनोनी और उनकी टीम ने डाटा सेंटरों से निकलने वाली गर्मी के प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। इसके निष्कर्ष गंभीर पर्यावरणीय चिंताओं की ओर संकेत करते हैं। शोधकताओं ने पिछले 20 वर्षों के तापमान आंकड़ों का अध्ययन किया, जिन्हें रिमोट सेंसरों के जरिए एकत्र किया गया था।

इन आंकड़ों की तुलना एआई हाइपरस्केलर डाटा सेंटरों के स्थानों से की गई। हाइपरस्केलर ऐसे विशाल डाटा सेंटर होते हैं जिनमें हजारों सर्वर लगे होते हैं और जिनका आकार 10 लाख वर्ग फुट तक हो सकता है। अध्ययन में 6,000 से अधिक ऐसे डाटा सेंटर शामिल किए गए जो अत्यधिक घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों से दूर स्थित हैं। ऐसा इसलिए किया गया ताकि उद्योगों, घरों की हीटिंग या अन्य शहरी गतिविधियों से पैदा होने वाले ताप प्रभाव को अलग रखा जा सके।

अध्ययन के अनुसार किसी डाटा सेंटर के संचालन शुरू होने के बाद आसपास के क्षेत्रों का सतही तापमान औसतन 3.6 डिग्री फारेनहाइट बढ़ गया। कुछ स्थानों पर यह वृद्धि 16.4 डिग्री फारेनहाइट तक दर्ज की गई। शोधकताओं ने कहा कि यह पैटर्न दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में समान रूप से दिखाई दिया। उदाहरण के तौर पर मैक्सिको के बाजियो क्षेत्र में दो दशकों में तापमान में लगभग 3.6 डिग्री फारेनहाइट की ऐसी वृद्धि दर्ज की गई जिसे अन्य कारणों से नहीं समझाया जा सका। इसी तरह स्पेन के अरागोन क्षेत्र में, जो यूरोप में हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटरों का बड़ा केंद्र है, तापमान में 3.6 डिग्री फारेनहाइट की वृद्धि दर्ज हुई, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों में ऐसा पैटर्न नहीं मिला। तापमान में वृद्धि का असर 10 किलोमीटर तक के क्षेत्रों में देखा गया।

लंदन साउथ बैंक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डेबोरा एंड्रयूज ने कहा कि डाटा सेंटरों के प्रभावों को लेकर पहले से कई चिंताएं मौजूद हैं, लेकिन यह पहला अध्ययन है जो विशेष रूप से उनके द्वारा पैदा की जाने वाली गर्मी पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि एआई उद्योग के तेज विस्तार की होड़ में टिकाऊ और दीर्घकालिक पर्यावरणीय सोच को नजरअंदाज किया जा रहा है। बॉर्डरस्टेप इंस्टीट्यूट फॉर इनोवेशन एंड सस्टेनेबिलिटी के वरिष्ठ शोधकर्ता राल्फ हिंटेमन ने कहा कि अध्ययन गंभीर और चिंताजनक आंकड़े प्रस्तुत करता है, बताए गए प्रभाव काफी अधिक प्रतीत होते हैं। डाटा सेंटरों के लिए बिजली उत्पादन से होने वाला उत्सर्जन गंभीर चिंता का विषय है। मारिनोनी ने कहा कि यह अध्ययन एआई के पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने पर व्यापक चर्चा शुरू करने में मदद कर सकता है। उनके अनुसार अभी भी ऐसा रास्ता अपनाने की संभावना मौजूद है जिससे एआई की प्रगति और मानवता के लिए उसकी उपयोगिता बनी रहे, लेकिन पर्यावरण पर उसका नकारात्मक प्रभाव कम किया जा सके।

# एआई पर सहयोग बढ़ाएंगे भारत-अमेरिका; चीन को घेरने की है तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती तकनीकों को लेकर सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। इसी बीच अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि एआईजैसी अत्याधुनिक तकनीकों की पूरी क्षमता हासिल करने के लिए भारत और अमेरिका को खुलेपन के सिद्धांतों पर आगे बढ़ना होगा और विरोधी देशों पर किसी भी प्रकार की तकनीकी निर्भरता से बचना होगा।

अमेरिकी विदेश विभाग की डिप्टी असिस्टेंट सेक्रेटरी बेथानी मॉरिसन ने शुक्रवार को आयोजित यूएस-इंडिया एआई एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस कार्यक्रम का आयोजन यूएस-इंडिया एआई और इमर्जिंग टेक्नोलॉजी फोरम की ओर से किया गया था।

इंड-पैसिफिक को विश्वस्तरीय तकनीक की मिले पहुंच

बेथनी मॉरिसन ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों को विश्वस्तरीय तकनीक तक पहुंच मिले और उसे समाज के विकास व लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि एआईतकनीक में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लाभ पूरी तरह तभी मिल सकते हैं जब देश खुले और सुरक्षित तकनीकी ढांचे पर काम करें।

## विरोधी देशों पर निर्भरता से बचें

उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी तकनीकी साझेदारी सुरक्षा, इंटरऑपरेबिलिटी और भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला पर आधारित हो। साथ ही हमें विरोधी देशों पर निर्भरता से बचना होगा।

## एआई के क्षेत्र में कितना हुआ निवेश?

मॉरिसन ने एआईक्षेत्र में तेजी से बढ़ रहे निवेश का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि साल 2026 की पहली तिमाही में निजी क्षेत्र ने एआईतकनीकों के विकास में 300 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है, जिसमें आधे से अधिक निवेश अमेरिकी कंपनियों द्वारा किए गए हैं।

## भारत की हुई सराहना

उन्होंने भारतीय कंपनियों की भी सराहना करते हुए कहा कि भारत की कंपनियां एआई और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह आयोजित सेलेक्टयूएसए इन्वेस्टमेंट समिट में भारतीय कंपनियों ने 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है, जो दोनों देशों के बीच मजबूत होते तकनीकी और आर्थिक रिश्तों का संकेत है।

अमेरिकी अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार साफ तौर पर समझती है कि एआईतकनीक का इस्तेमाल दोनों देशों की समृद्धि और विकास के लिए होना चाहिए, लेकिन साथ ही इससे जुड़े सुरक्षा खतरों को लेकर भी सतर्क रहना जरूरी है।

बेथनी मॉरिसन ने कहा कि अमेरिका और भारत तकनीकी नवाचार के अगले दौर में एक मजबूत साझेदार के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश मिलकर एआईके भविष्य को दिशा देंगे और वैश्विक स्तर पर नई तकनीकी नेतृत्व क्षमता विकसित करेंगे।

# लिपुलेख पर घिरे बालेन शाह, अब नेपाली सांसदों ने काटा बवाल!



**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच का विवाद अभी थमता हुआ नहीं दिख रहा है। जहां पहले नेपाल की बालेन सरकार ने मानसरोवर यात्रा के लिए लिपुलेख दर्रे के इस्तेमाल पर प्रोटेस्ट नोट जारी किया था। जिसके जवाब में भारत ने भी कड़ा जवाब नेपाल को दिया था और इन सबके बीच एक बार फिर नेपाल के भीतर से लिपुलेख को लेकर मांग उठने लगी है। दरअसल नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाली विपक्ष ने प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार पर सीधा दबाव बनाया है कि वह भारत और चीन के साथ सिर्फ डिप्लोमेटिक नोट्स यानी कि प्रोटेस्ट नोट जैसी कूटनीतिक चिट्ठियों का आदानप्रदान बंद करें और सीधे टेबल टॉक यानी उच्च स्तरीय बातचीत करें लिपुलेख के मुद्दे पर। यानी अब नेपाल का विपक्ष भी लिपुलेख के मुद्दे पर ऐसे सवाल उठा रहा है। इस विवाद की ताजा वजह है कैलाश मानसरोवर यात्रा और उसको लेकर नेपाल के द्वारा उठाया गया विरोध। हाल ही में भारत और चीन ने लिपुलेख दर्रे के रास्ते इस पवित्र यात्रा की घोषणा की थी। जिसके बाद नेपाल सरकार ने इस पर आपत्ति जताते हुए भारत और चीन दोनों को ही राजनीयिक नोट भेज दिया था। जिसमें नेपाल का दावा था कि बिना उसकी सहमति के इस रास्ते का उपयोग नहीं किया जा सकता।

इसी नोट को लेकर नेपाल की संसद की अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में विपक्षी सांसदों ने बालेन शाह सरकार को जमकर कोसा है। नेपाली कांग्रेस के सांसद संदीप राणा ने कहा लिपुलेख, लिंपियाधूरा और काला पानी नेपाल की जमीन है और भारत इसे अपनी मर्जी से इस्तेमाल कर रहा है। वहीं केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन यूएमएल की सांसद भूमिका लिंबू सुबा ने तो भारत की प्रतिक्रिया को गैर जिम्मेदाराना तक करार दे दिया। नेपाली विपक्ष की मांग है कि नेपाल सरकार को और कड़ा रुख अपनाना चाहिए और इन इलाकों को वापस लेने के लिए सीधे तौर पर बातचीत करना चाहिए।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# शहर में 7 करोड़ के 14 विकास कार्यों का शिलान्यास

**- महापौर सुनीता दयाल ने विभिन्न जोनों में पार्क, सड़क और नाला निर्माण कार्यों की रखी आधारशिला, पार्कों के सौंदर्यीकरण पर विशेष फोकस**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को कविनगर, सिटी, मोहन नगर और वसुंधरा जोन में करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले 14 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में पार्कों के सौंदर्यीकरण, सड़कों के निर्माण तथा नालों के विकास कार्य शामिल हैं।

महापौर ने बताया कि लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत केवल पार्कों के सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जाएंगे। शहर के अलग-अलग वार्डों में पार्कों में फुटपाथ, बाउंड्रीवाल, रेड स्टोन, रंगाई-पुताई, हरियाली और घास लगाने जैसे कार्य कराए जाएंगे। वहीं तीन बड़े कार्य सड़क और नाला निर्माण से जुड़े हैं, जिनकी लंबे समय से स्थानीय पार्षदों और नागरिकों द्वारा मांग की जा रही थी। सभी कार्य 15वें वित्त आयोग की निधि से कराए जाएंगे।

महापौर ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह केवल नारियल फोड़कर कार्यों की शुरूआत कर रही हैं, लेकिन असली विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री सुनील शर्मा, सांसद और विधायकों के सहयोग से संभव हो पा रहा है। उन्होंने लोगों से विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का समर्थन करने की अपील भी की। महापौर ने कहा कि शहर में पार्कों का सौंदर्यीकरण केवल सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पार्कों और पौधों की देखभाल में भी सहयोग करें ताकि हरियाली सुरक्षित रह सके। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद अनुज त्यागी, धीरज अग्रवाल, गौरव सोलंकी, नीलम भारद्वाज, सतेन्द्र चौधरी, मदन राय, प्रमोद राघव, रवि भाटी, पूर्व पार्षद सरदार भाटी, कालीचरण पहलवान, उदित मोहन, अमित डबास, मनोज त्यागी, मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा, अशोक भाटी, अनुराग, माधव सूद, एस.के. भारद्वाज समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**प्रमुख विकास कार्य :**

- वार्ड 87 ज्ञानखंड-4 में पार्क निर्माण – लगभग 10 लाख रुपये
- इंदिरापुरम ईस्टर्न हाईट पार्क निर्माण – लगभग 7 लाख रुपये
- नीतिखंड द्वितीय पार्क निर्माण – लगभग 24 लाख रुपये
- वैशाली में सड़क निर्माण कार्य – लगभग 1.33 करोड़ रुपये
- महागुन सोसाइटी के पास पार्क सौंदर्यीकरण – लगभग 25 लाख रुपये
- वसुंधरा सेक्टर-5 में सड़क व नाला निर्माण – लगभग 1.41 करोड़ रुपये
- लाजपत नगर बड़े पार्क का सौंदर्यीकरण – लगभग 12 लाख रुपये
- राजेंद्र नगर सड़क निर्माण – लगभग 1.75 करोड़ रुपये
- शालीमार गार्डन के दो पार्कों का सौंदर्यीकरण – लगभग 37 लाख रुपये
- गोविंदपुरम की ग्रीन बेल्टों का विकास – लगभग 68 लाख रुपये
- चिरंजीव विहार स्थित साई उपवन पार्क का सौंदर्यीकरण – लगभग 35 लाख रुपये

# महाराणा प्रताप जयंती पर शालीमार गार्डन में भव्य माल्यार्पण

## महाराणा प्रताप का जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा: मयंक गोयल





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वीरता, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को शालीमार गार्डन मेन स्थित मेन वजीराबाद रोड, 80 फुटा रोड के निकट महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल पर भव्य माल्यार्पण कार्यक्रम एवं श्रद्धालुओं के लिए शरबत वितरण हेतु छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मयंक गोयल ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, त्याग, राष्ट्रप्रेम एवं स्वाभिमान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सम्मान और स्वतंत्रता के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन समाज को संघर्ष, आत्मसम्मान एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा समाज में एकता, भाईचारे एवं सेवा भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को शरबत वितरित कर सेवा कार्य भी किया गया। आयोजकों की ओर से सभी क्षेत्रवासियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं नागरिकों का कार्यक्रम में सहभागिता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में सरदार सिंह भाटी पूर्व डिप्टी मेयर, रवि भाटी पार्षद, कालीचरण पहलवान पार्षद, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, राजन आर्या, विनोद कसाना, ललित कश्यप, शालू सिंह, सविता बढ़ाना, बबली चौहान, निधि उपाध्यक्ष, त्रिलोक चौधरी, दीपक ठाकुर, गुरु दास पाल, सुरेश तिवारी, मोनू राघव, नरेंद्र बघेल, मुकेश यादव, जॉनी, रामपाल, उदयवीर, सोनू चौधरी, दीपक मिश्रा, महासचिव महाराज सिंह पुंडीर, डॉ. जी.एस. चौहान, विरपाल कटारिया, विवेक भदौदिया, सुबोध परमार, उदयराज गौतम, एच.एस. राणा, मुकेश राणा, अभिमन्यु सिंह, मंगल सिंह चौहान, शिव कुमार शर्मा एवं ठाकुर मुकेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वार्ड 76 में महापौर सुनीता दयाल और पार्षद गौरव सोलंकी ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड-76, वैशाली सेक्टर-1 में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। महापौर सुनीता दयाल और पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने सार्थक एनक्लेव की समस्त आंतरिक सड़कों एवं साइड पटरी के निर्माण व सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास नारियल तोड़कर किया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि शहर के विकास के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। वैशाली सेक्टर-1 में लंबे समय से सड़कों की मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ₹साफ नियत, सही विकास₹ के मूल मंत्र पर काम करते हुए हर वार्ड में सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी।

पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी ने बताया कि इस कार्य के पूरा होने से सार्थक एनक्लेव के निवासियों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था को भी चरणबद्ध तरीके से दुरुस्त किया जाएगा। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नरेश पाल त्यागी, सेक्टर-1 साउथ साइड आरडब्ल्यूए अध्यक्ष जीसी कपूर, भाजपा सेक्टर संयोजक राकेश पांडेय, जितेन्द्र राय, सुभाष शर्मा, पूनम त्यागी, सारिका गुप्ता, ओमवती, रेखा प्रजापति, पूनम रस्तोगी, गीता, उर्मिला, प्रवीण, नीता जिंदल, सुमन नागपाल, ब्रह्मदत्त गोस्वामी, डॉ. विनय अग्रवाल, राहुल सागर, सुदेश प्रकाश, ओमप्रकाश भारती, सुभाष चन्द्र छावड़ा, मुनेश्वर दत्त शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निवासियों ने विकास कार्य के लिए मेयर और पार्षद का आभार व्यक्त किया।

# महाराणा प्रताप भवन में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा, गाजियाबाद द्वारा शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव 'स्वाभिमान शौर्य दिवस' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नंदग्राम स्थित महाराणा प्रताप चौक से नेहरू नगर स्थित महाराणा प्रताप भवन तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें फोर व्हीलर और टू व्हीलर बड़ी संख्या में शामिल हुए। महाराणा प्रताप भवन में मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिसोदिया ने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। वक्ताओं ने 9 मई को 'स्वाभिमान शौर्य दिवस' के रूप में राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। सभा अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों, प्रशासन एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षत्रिय सभाओं के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों समाजसेवी मौजूद रहे।

# भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए

**- पीड़िता की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा, आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच शुरू**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद अंतर्गत थाना भोजपुर पुलिस ने दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई थाना प्रभारी प्रताप बालियान के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार पीड़िता की तहरीर पर थाना भोजपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप है कि आरोपी अरविंद ने सिलेंडर दिलाने के बहाने पीड़िता को खेत पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। इसी दौरान उसका साथी पंकज वहां पहुंच गया और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना भोजपुर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर को चौकी चुड़ियाला क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अरविंद उम्र करीब 40 वर्ष और पंकज निवासी ग्राम सैदपुर थाना भोजपुर उम्र करीब 31 वर्ष के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी अरविंद ने बताया कि वह पीड़िता को पहले से जानता था और खेत में ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। इसी दौरान आरोपी पंकज ने वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी और उसने भी पीड़िता के साथ गलत काम किया। थाना प्रभारी भोजपुर प्रताप बालियान ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कराई जा रही है।

# इंदिरापुरम में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, अवैध कब्जे हटाए गए



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम क्षेत्र में नगर निगम ने विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान हैबिटेट सेंटर से शिप्रा मॉल तक चलाया गया, जिसमें सड़क और फुटपाथ पर हुए अवैध कब्जों को हटाया गया। अभियान का नेतृत्व टीएस विपुल विक्रम राय ने किया। उनके साथ पुलिस टीआई कुलदीप सिंह, आरआई प्रवेश, कयामुद्दीन, आरआई कौशल, विजय सिंह, अशोक तथा सफाई नायक संदीप कुमार की टीम मौजूद रही।

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों ने फुटपाथ व सड़क पर कब्जा कर रखा है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही थी और जाम की स्थिति बन रही थी। अभियान के दौरान अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया गया और कई जगह से अस्थायी निर्माण हटाए गए। टीएस विपुल विक्रम राय ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई होगी और सामान जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाना निगम की प्राथमिकता है। अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अतिक्रमण न करें और शहर को जाम मुक्त बनाने में सहयोग दें।

# राधाकुंज रेलवे फाटक पर खुदाई शुरू खुशी में लोगों ने किया भंडारे का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राधाकुंज क्षेत्र में लंबे समय से लंबित रेलवे फाटक के नीचे खुदाई का कार्य शुरू हो गया। कार्य शुरू होने की खुशी में लोगों द्वारा दोपहर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के समय राधाकुंज और ब्रजविहार के गणमान्य निवासी उपस्थित रहे। रेलवे इंजीनियर आरके राणा, रेलवे ठेकेदार दीपक त्यागी, प्रदीप चौधरी, पवन चौधरी ने विधिवत रूप से भंडारे की शुरूआत कराई। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष राणा, सचिव उमेश सक्सेना, देवेन्द्र शर्मा, बॉबी त्यागी, मनोज भारद्वाज, अरविन्द मित्तल, कालूराम, योगेन्द्र बैंसला, शिवा राणा सहित कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

आरडब्ल्यूए सुभाष राणा ने कहा कि रेलवे फाटक पर बार-बार जाम लगने से लोगों को परेशानी होती थी। खुदाई के बाद अंडरपास बनने से आवागमन सुगम होगा। यह कार्य क्षेत्र के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। उन्होंने रेलवे और ठेकेदार का आभार जताते हुए कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। ठेकेदार दीपक त्यागी ने आश्वासन दिया कि कार्य निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाएगा।

# मधुबन बापूधाम में विकसित होगा आधुनिक ओपेन एयर थियेटर

## सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा नया मंच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में आधुनिक एवं जनोपयोगी सुविधाओं के विकास की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को मधुबन बापूधाम योजना के इण्डस्ट्रियल पॉकेट स्थित शहीद स्मारक पार्क में ओपेन एयर थियेटर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशन मे प्राधिकरण की अभियंत्रण जोन-3 के अधिशाषी अभियंता व टीम, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी, संस्था के सदस्यगण एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला यह ओपेन एयर थियेटर क्षेत्रवासियों के लिए सांस्कृतिक, सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इस परियोजना के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक खुला मंच उपलब्ध होगा, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, संगीत संध्या, कवि सम्मेलन, योग शिविर, देशभक्ति कार्यक्रम तथा जन-जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा सकेगा। यह पहल विशेष रूप से बच्चों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही, सामुदायिक सहभागिता एवं सामाजिक समरसता को भी नई मजबूती मिलेगी। क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण का निर्माण होने के साथ-साथ नागरिकों को मनोरंजन एवं सामाजिक आयोजनों के बेहतर अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उद्देश्य केवल आधारभूत संरचनाओं का विकास करना ही नहीं, बल्कि ऐसे सार्वजनिक स्थलों का निर्माण करना भी है जो सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध बनाएं। यह ओपेन एयर थियेटर भविष्य में मधुबन बापूधाम क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण पहचान के रूप में स्थापित होगा तथा स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा को आया हार्ट अटैक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा को हृदय में दर्द की शिकायत पर मैक्स अस्पताल वैशाली में भर्ती कराया गया है। वहां पहुंचने पर पताा चला कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है। हिमांशु शर्मा के हार्ट अटैक होने की सूचना मिलने पर उनका कुशल क्षेम जानने के लिए कई लोग अस्पताल पहुंचे। सभी पार्षदों ने हिमांशु शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनका कुशल क्षेम जाना है। वहीं पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर इस मामले को नगर निगम से जोड़कर देखा गया। हार्ट अटैक का कारण जनसेवा का दबाव भी बताया जाता है। व्हाट्सऐप ग्रुप पर मूल कारण में जनता की जिम्मेदारी का दबाव होना, नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक का ना होना और बजट का ना होना भी बताया गया। बहरहाल सभी ने पार्षद हिमांशु शर्मा के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने और सकुशल होने की कामना की है।

# खोड़ा में धूमधाम से निकली शोभायात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। पूर्व मंडल अध्यक्ष बलबीर चौहान और मंडल अध्यक्ष जीतू राय योगेश भाटी के नेतृत्व में निकली यात्रा में विकास ठाकुर, मनोज ठाकुर, रजनीश सिंह, राकेश पहलवान, जगदीश भट्ट, संदीप सिंह, संजय तिवारी, दिनेश प्रधान, सिशपाल राणा, रिंकी ध्यानी, जोगिंदर चौहान, शिवम चौहान, ईश्वर गंगेज सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में महाराणा प्रताप की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और 'जय राजपूताना' के नारों के साथ यात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरी। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। राजपूताना टीम ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को याद करते हुए पगड़ी पहनाकर अतिथियों का सम्मान किया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष बलबीर चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप स्वाभिमान और पराक्रम के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें धर्म, देश और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रेरित करता है। योगेश भाटी ने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के इतिहास से सीख लेनी चाहिए। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को वीरता और त्याग की गाथाओं से जोड़ना है। शोभायात्रा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने महाराणा प्रताप को नमन किया।

# नेशनल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष शान्तनु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा, प्रधानाचार्या रीना शर्मा और उप प्रधानाचार्या बबीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों ने मातृशक्ति के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों ने माँ के त्याग और प्रेम को मंच पर जीवंत किया। कार्यक्रम में आमंत्रित माताओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर समारोह में चार चांद लगा दिए।

विद्यालय की ओर से गायन, नृत्य के साथ-साथ पासिंग द पार्सल, म्यूजिकल चेयर जैसे खेलों का आयोजन किया गया। सभी मम्मियों ने खेलों में जोशपूर्वक भाग लिया और बचपन की यादें ताजा कीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहीं माताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रीना शर्मा ने कहा कि मातृ दिवस माताओं के प्यार, देखभाल और बलिदानों का सम्मान करने और उनकी सराहना करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि एक माँ का योगदान किसी भी समाज की नींव होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जलपान किया और बच्चों ने अपनी माताओं को गले लगाकर कृतज्ञता व्यक्त की।

# वार्ड 54 में महापौर सुनीता दयाल ने किया मुख्य मार्ग के निर्माण का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड संख्या 54 (सेक्टर 5) के निवासियों के लिए शनिवार का दिन बड़ी राहत लेकर आया। क्षेत्र की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने मोहन मिकिन्स समिति के मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इन क्षेत्रों का होगा कायाकल्प यह निर्माण कार्य अग्रवाल स्वीट्स से शुरू होकर ओलिव काउंटी के टी-पॉइंट से होते हुए बाहर मुख्य सड़क तक किया जाएगा।

इस योजना की खास बात यह है कि इसमें सड़क निर्माण के साथ-साथ जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण और पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग टाइल्स भी लगाई जाएंगी। स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर इस बड़े प्रोजेक्ट की शुरूआत होने से समिति के निवासियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे काफी समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे। कार्य के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों ने मेयर का आभार व्यक्त किया और उन्हें धन्यवाद दिया।

पार्षद सत्येंद्र चौधरी ने इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल और निगम के अधिकारियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने कहाः यह कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मैं महापौर निगम प्रशासन का आभारी हूँ कि उन्होंने जनहित में इस मांग को प्राथमिकता दी। साथ ही, मेरा हौसला बढ़ाने के लिए सभी निवासियों का भी बहुत-बहुत आभार। इस कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और निगम के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने विकास की इस नई शुरूआत का स्वागत किया।